

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



10 अनिल अंबानी की रिलायंस पावर का शेयर 8 दिन में 50 प्रतिशत चढ़ा शेयर, कर्जमुति के बाद निवेशकों का बढ़ा भरोसा | 'मै 500 मैच खेलने के करीब हूं 11

वर्ष : 12 | अंक : 169 | पटना, सोमवार, 30 सितंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**
अधिकतम तापमान 26.0°C
न्यूनतम तापमान 24.0°C

**बाजार**
सोना 75,920
चांदी 91,900
संसेक्स 83,584
निफ्टी 25,698

# भारत दुनिया में विनिर्माण का पावरहाउस बना, सभी देशों की हम पर टिकी हैं नजरें: मोदी

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत आज दुनिया में विनिर्माण का पावरहाउस बन गया है और सभी देशों की नजरें हम पर टिकी हैं क्योंकि सरकार वैश्विक गुणवत्ता वाली चीजों के निर्माण के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 114वीं कड़ी में मोदी ने देशवासियों से त्योहारों के मौसम में उपहार स्वरूप मेड इन इंडिया उत्पादों को एक-दूसरे को देने का आह्वान किया। मेक इन इंडिया कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि इस अभियान की सफलता में, देश के बड़े उद्योगों से लेकर छोटे दुकानदारों तक का योगदान शामिल है।
उन्होंने कहा कि उन्हें यह देखकर बहुत खुशी मिलती है कि गरीब, मध्यम वर्ग और सूक्ष्म व मध्यम उद्योग को इस अभियान से बहुत फायदा मिल रहा है और इस अभियान ने हर वर्ग के लोगों को अपनी प्रतिभा सामने लाने का अवसर दिया है। मोदी ने कहा, आज, भारत विनिर्माण का पावरहाउस बन गया है और देश की युवा-शक्ति की वजह से दुनिया-भर की नजरें हम पर हैं। ऑटोमोबाइल्स हो, टेक्सटाइल्स हो या फिर



उड्डयन का क्षेत्र या फिर इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा का क्षेत्र हो। हर क्षेत्र में देश का निर्यात लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का लगातार बढ़ना भी मेक इन इंडिया की सफलता की गाथा कह रहा है। उन्होंने कहा कि देश अब वैश्विक गुणवत्ता वाली चीजों के निर्माण के साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने त्योहारों के इस मौसम में मेड इन इंडिया उत्पाद को बढ़ावा देने का आह्वान करते हुए कहा, आप कुछ भी उपहार देंगे, वहह्यमेड इन इंडिया ही होना चाहिए। मोदी ने एक बार फिर दोहराया कि सिर्फ मिट्टी के दीये खरीदना ही वोकल फॉर लोकल नहीं है बल्कि इसके साथ ही अपने क्षेत्र के स्थानीय उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाना जरूरी है।
एक पेड़ मां के नाम अभियान से जरूर जुड़े
प्रधानमंत्री मोदी नेह्यएक पेड़ मां के नाम अभियान का भी जिक्र किया, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत विभिन्न राज्यों में करोड़ों पेड़ लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश में 26 करोड़, गुजरात में 15 करोड़ और राजस्थान में केवल अगस्त महीने में 6 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। देश के हजारों स्कूल भी इस अभियान में जोर-शोर से हिस्सा ले रहे हैं।
उन्होंने कहा कि मातृ भाषा सीखने में सबसे आसान होती है और भारत में लगभग बीस हजार भाषाएं और बोलियां हैं। उन्होंने संथाली भाषा के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे प्रयासों की सराहना की, जिसमें ओडिशा के मयूरभंज के रामजीत टुडू का उल्लेख किया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर ये पूछा जाए कि कोई बच्चा कौन सी भाषा सबसे आसानी से और जल्दी सीखता है तो आपका जवाब होगा मातृभाषा। हमारे देश में लगभग बीस हजार भाषाएं और बोलियां हैं और ये सब की सब किसी न किसी की तो मातृभाषा ही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मैहर बस-डंपर हादसे में अब तक नौ की मौत

मैहर। मध्यप्रदेश के मैहर जिले के नादन थाना क्षेत्र में बस-डंपर हादसे में आज सुबह तक नौ लोगों की मृत्यु हो गयी है। इनमें छह की घटना स्थल पर, जबकि तीन ने अस्पताल में उपचार के दौरान दमतोड़ दिया। तेइस अन्य घायल है, जिनका इलाज किया जा रहा है। बस प्रयागराज से नागपुर जा रही थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से महाराष्ट्र के नागपुर जा रही बस कल देर रात्रि मैहर के नादन थाना से करीब एक किलोमीटर दूर सड़क किनारे खडे डंपर से टकरा गयी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि बस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में छह यात्रियों ने मौके पर दमतोड़ दिया, जबकि तीन यात्रियों की सतना जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में तेइस यात्री घायल बताए जा रहे हैं, जिनका मैहर, अमरपाटन, सतना और रीवा के अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। घायलों में बस चालक भी शामिल है। बताया गया है कि बस काफी तेज गति से जा रही थी और वह सड़क किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गयी। भीषण टक्कर के कारण बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी है। मृतकों में चार की पहचान हो गयी है। इनमें दो वर्षीय बालक देवांश साहू, अंबिका प्रसाद, लल्लू यादव और प्रांजल विश्वकर्मा शामिल हैं। यह सभी उत्तर प्रदेश के जौनपुर, प्रतापगढ़ और गोरागंज के निवासी है। शेष अन्य मृतकों की पहचान की जा रही है।

### कैमूर में ट्रक से टकराई बस तीन की मौत, 11 घायल

कैमूर। बिहार से यूपी की तरफ जा रही एक बस रविवार को खड़ी ट्रक से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई और 11 लोग घायल हो गए। यह हादसा कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र के बरहूली गांव के पास हुआ। बस सवार गया में पिंडदान कर लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, बस चालक को झपकी लग गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। मृतकों में बस का खलासी, एक पंडा (पुजारी) और एक यात्री शामिल हैं। सभी मृतक यूपी के बाराबंकी जिले के रहने वाले थे, जो गया में पिंडदान कर लौट रहे थे। पिंडदान के बाद बस में सवार सभी लोग जगन्नाथ पुरी दर्शन कर विंध्याचल मंदिर की ओर रवाना हुए थे। सभी घायलों को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल मोहनिया में भर्ती कराया गया।

## कोसी बैराज वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक छोड़ा गया पानी, जो 1968 के बाद सर्वाधिक

# सूबे में गहराया बाढ़ का संकट, अलर्ट जारी

प्रात: किरण

पटना। बिहार सरकार ने कोसी बैराज, वीरपुर से रिकॉर्ड 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़े जाने और लगातार जारी बारिश के मद्देनजर राज्य के उत्तरी और मध्य भागों में कोसी, गंडक और गंगा जैसी उफनती नदियों में रविवार को बाढ़ की चेतावनी जारी की। जल संसाधन विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, नेपाल में भारी वर्षा के कारण रविवार सुबह पांच बजे कोसी बैराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है। तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग की टीम दिन-रात तत्पर हैं। वर्ष 1968 में इस बैराज से अधिकतम पानी 7.88 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। कोसी बैराज, वीरपुर से रिकॉर्ड पानी छोड़े जाने से 13 जिलों के 16.28 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं, जो भारी बारिश के कारण पहले से ही बाढ़ से जूझ रहे हैं। इसी तरह गंडक नदी पर बने वाल्मीकिनगर बैराज से शनिवार शाम सात बजे तक 5.38 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह 2003 में छोड़े गए 6.39 लाख क्यूसेक के बाद बैराज से छोड़ा गया सबसे अधिक पानी है। जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष कुमार मल्ल द्वारा शनिवार को जारी



### निचले इलाकों में रहने वाले करीब 13.5 लाख लोग प्रभावित

एक बयान के अनुसार, 27 सितंबर से नेपाल प्रभाग में बारिश निरंतर जारी है। नेपाल के प्राधिकारियों ने शनिवार शाम सात बजे तक गंडक बैराज में 5.40 लाख क्यूसेक और कोसी बैराज में 4.99 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पिछले दो-तीन दिनों से लगातार बारिश के बाद राज्य में गंडक, कोसी, बागमती, बूढ़ी गंडक, कमला बलान और महानंदा तथा गंगा नदियों का जलस्तर बढ़ रहा है। नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण सीमावर्ती जिलों में कई स्थानों पर नदियां खतरे के निशान को छू रही हैं या उससे ऊपर बह रही हैं। उन्होंने बताया कि इन दो बैराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के बाद नदी का अतिरिक्त पानी पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, अररिया, सुपौल, कटिहार, पूर्णिया और कई अन्य जिलों के निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है तथा बिहार के कई जिलों के लिए अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने भारी बारिश की भविष्यवाणी की है और राज्य के कुछ हिस्सों में अचानक बाढ़ आने की चेतावनी दी है। पश्चिमी और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान, सारण, वैशाली, पटना, जहानाबाद, मधुबनी और भोजपुर जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। आपदा प्रबंधन विभाग ने जिलों के प्रशासन को सतर्क रहने और पूवानुर्मान के मद्देनजर एहतियाती कदम उठाने को कहा है। अधिकारियों ने बताया कि बक्सर, भोजपुर, सारण, पटना, समस्तीपुर, बेगूसराय, मुंगेर और भागलपुर समेत गंगा के किनारे बसे करीब 13 जिलों में पहले से ही बाढ़ जैसी स्थिति है और मूसलाधार बारिश के बाद नदियों का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में रहने वाले करीब 13.5 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिलों से बड़ी संख्या में लोगों को निकालकर राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

**तेजी से फैल रहा पानी**

दरभंगा में कोसी व कमला बलान के जलस्तर में वृद्धि से दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान पूर्वी, किरतपुर, घनश्यामपुर व गौड़ाबौराम प्रखंड क्षेत्र के खेत खलिहान में तेजी से पानी फैल रहा है। कुशेश्वरस्थान पूर्वी अभी खेतों में लगी फसल सुरक्षित है। जलस्तर में वृद्धि जारी रही तो फसल डूबने की स्थिति हो जाएगी। किरतपुर प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत के एक दर्जन गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। गौड़ाबौराम प्रखंड में रहिटोल जाने वाली सड़क पर कमला नदी का पानी चढ़ गया है। रहिटोल के चतरा गांव के लगभग पांच सौ घरों के लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। अब नाव ही सहारा है।

बराज पर घटा दबाव, तटबंध के भीतर कहर ढा रही कोसी

नेपाल में कोसी और अन्य नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में हुई भारी वर्षा के कारण उफनाई नदियों का जलस्तर सामान्य होने की ओर बढ़ रहा है। सुपौल जिला स्थित कोसी बराज पर जल प्रवाह घटाव की स्थिति में है। हालांकि, यहां अब भी सुबह 9:00 बजे तक 6.28 लाख और 10 बजे 6.12 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज दर्ज किया गया। कोसी बराज से करीब 50 मीटर दूर नेपाल स्थित वराह क्षेत्र में सुबह नौ बजे जलश्राव 2.90 लाख क्यूसेक रिकॉर्ड किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नेपाल मे 36 घंटे भीषण बारिश का अलर्ट जारी है जिससे बिहार के नेपाल से सटे सीमावर्ती जिलों में बाढ़ का संकट और बढ़ सकती है। अरुण जलाशय बिधुत परियोजना का बांध ओवरफ्लो हो चुका है। काठमांडु से अन्य प्रदेशों का संपर्क भंग हो चुका है।

### वाल्मीकिनगर के एयरपोर्ट और हलीपैड पर घुसा पानी

पटना। बिहार में वाल्मीकिनगर बराज, पश्चिम चंपारण और कोसी बराज, वीरपुर सुपौल जिले से लगातार पानी आने के कारण 12 जिलों की करीब 13 लाख अबादी बाढ़ से प्रभावित हो गई है। नेपाल की सीमा से सटे पश्चिम चंपारण जिले में स्थित एक मात्र टाइगर रिजर्व वाल्मिकीनगर के हवाईअड्डा के रनवे और हेलीपैड दोनों डूब गए हैं। यह सामरीक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण हवाईअड्डा है। क्योंकि, नेपाल सीमा पर यह स्थित है। इस एयरपोर्ट का इस्तेमाल एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के अलावा अतिविशिष्ट लोगों के इस्तेमाल के लिए किया जाता है। तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग की टीमें दिन-रात तत्पर हैं। हालांकि, दोपहर में कोसी बराज में पानी का प्रवाह कम हो गया है। अररिया जिले के पलासी प्रखंड में बकरा नदी पर मनरेगा से बना बांध ककोड़वा और डेहटी मीरभाग के समीप कुछ हिस्से में देर रात टूट गया। डेहटी मीरभाग में लगभग 60 फीट तो ककोड़वा में 10-15 फीट बांध टूटा है। इसके कारण दक्षिण डेहटी और भिखा पंचायत में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। पानी आने से दक्षिण डेहटी पंचायत ज्यादा प्रभावित हुआ है। जिले में बकरा, नूना, परमान और कनकई नदी में पानी घटने की रफ्तार बहुत सुस्त है। बाढ़ प्रभावित सिकटी, पलासी, जोकीहाट, कुसाकांटा और फारबिसगंज प्रखंड क्षेत्रों में स्थिति अभी भी यथावत है।

## आपात स्थिति से निपटने के लिए केन्द्र व राज्य सरकार तैयार : नित्यानंद

### बाढ़ के मद्देनजर केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री ने एनडीआरएफ के साथ की बैठक

पटना। पड़ोसी देश नेपाल से पानी छोड़े जाने के बाद बिहार में बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। राज्य में बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए राज्य सरकार तैयारियों में जुट गई है। वहीं बिहार में बाढ़ को लेकर केंद्र सरकार भी एक्शन में आ गई है। रविवारको केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय की अध्यक्षता में पटना में एनडीआरएफ की अहम बैठक बुलाई गई। इस मौके पर नित्यानंद राय ने बताया कि बिहार में संभावित बाढ़ को लेकर केंद्र और राज्य सरकार हर आपात स्थिति से निपटने के ले पूरी तरह से तैयार है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में जरूरत पड़ेगी तो लोगों को एअरलिफ्टिंग कराया जाएगा और जरूरत पड़ी तो एयरफोर्स को लगाकर फूड पैकेजिंग भी गिराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार बहुत ही तत्परता के साथ बिहार की स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं और लगातार पूरे मामले को देख रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार ने पूरी तरीके



से सभी संस्थाओं को लगा दिया है। उन्होंने बताया कि अभी बिहार के बाढ़ में एनडीआरएफ की 11 टीमें लगी हुई हैं जबकि 8 टीमों को रिजर्व रखा गया है। अगर जरूरत पड़ेगी तो पश्चिम बंगाल से भी टीम बुलाई जाएगी। बिहार सरकार से लगातार केंद्रीय गृह मंत्रालय संपर्क बनाया हुआ है। प्रधानमंत्री का निर्देश है कि बिहार सरकार से लगातार संपर्क स्थापित कर हालात पर जनर रखी जाए। उन्होंने बिहार को हर संभव सहायता देने का निर्देश दिया है। नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार सरकार के नेतृत्व में एनडीआरएफ पूरी तरीके से तैयार है। नेपाल में ब्रिज बनाने को लेकर द्वार तैयार कर लिया गया है और बातचीत चल रही है। कमला ब्रिज परियोजना पर भी सहमति बन गई है। केंद्र ने बाढ़ के लिए बिहार को 11500 करोड रुपए दिए हैं। जरूरत पड़ेगी तो हवाई मार्ग से भी लोगों को सहायता पहुंचाई जाएगी और एयर फोर्स को भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाढ़ खत्म हो जाने के बाद केंद्रीय टीम भी आएगी जायेजा लेने के लिए। भुवनेश्वर और कोलकाता एनडीआरएफ को अलर्ट पर रखा गया है। जरूरत पड़ेगी तो लोगों को एयरलिफ्ट भी किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि बिहार में जब भी कोई आपदा आती है तो तेजस्वी यादव गायब हो जाते हैं। कोरोना के दौरान भी विदेश चले गए थे। बिहार के बाढ़ की चिंता ना लालू प्रसाद को रहती थी ना तो तेजस्वी यादव को है। लालू के राज में बाढ़ में घोटाला हुआ। उनके राज्य में सीतामढ़ी में बाढ़ के दौरान बिना दूध के बच्चे मर गए थे।

### हालात पर नजर बनाए हुए हैं सीएम : संजय झा

पटना। बिहार के कोसी नदी के इलाके में बाढ़ की स्थिति पर जदयू सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं। नेपाल में बहुत ज्यादा बारिश हुई है। 1968 के बाद इतनी बारिश कभी नहीं हुई। 6 लाख क्यूसेक से ज्यादा पानी कोसी से निकला है लगभग उतना ही पानी गंडक से निकला है। हमने कभी इतना पानी नहीं देखा। ये एक प्राकृतिक आपदा है। तटबंध सुरक्षित हैं, बांध के अंदर रहने वाले लोगों को समस्या है। उनको सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। प्रशासन काम कर रही है। हमारा लगातार प्रयास रहा है कि इसका स्थायी समाधान होना चाहिए।

## मंच पर भाषण देते वक्त अचानक बिगड़ी खड़गे की तबीयत



श्रीनगर। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रविवार को जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में चुनाव प्रचार के दौरान अचानक बीमार पड़ गये। मंच पर भाषण देते हुए एकाएक कांग्रेस अध्यक्ष की तबीयत बिगड़ गई। जैसे-तैसे उन्होंने खुद को संभाला। इसके बाद अन्य नेता भी उनकी मदद के लिए आगे आए। उन्हें सोफे पर बिठाकर कुछ लोग उन्हें हवा करने लगे। उनके जूते भी खोल दिए गए। बाद में उनकी हालत स्थिर हुई, तो उन्होंने मोदी सरकार पर जुबानी हमला बोला। उन्होंने कहा, ह्लजब तक मोदी को सत्ता से बाहर न कर दूं, तब तक मैं नहीं मरूंगा। राज्यसभा सांसद ने कहा, मोदी जी बेवजह जम्मू-कश्मीर आकर युवाओं के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं। वह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने युवाओं के हित के लिए कई कदम उठाए, जबकि सच्चाई यह है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में महज युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेला है। उन्होंने आगे कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत ने बेरोजगारी के मामले में 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। जम्मू-कश्मीर के सरकारी विभागों में 65 फीसद पद रिक्त हैं। इन सभी पदों पर बाहरी लोगों की नियुक्ति की जा रही है, लेकिन यहां के मूल लोगों की अनदेखी हो रही है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, आप सभी लोगों ने देखा होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में आकर कितना झूठ बोला। उन्होंने यहां आकर कांग्रेस को कितनी गालियां दीं। इन लोगों ने किस तरह से हमारी पार्टी के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा और इनके लोग घबराए हुए हैं। भाजपा के नेताओं को अपनी हार दिख रही है, इसलिए ये लोग बौखलाए हुए हैं।

## प्रकाश करात माकपा पोलित ब्यूरो, केंद्रीय समिति के अंतरिम समन्वयक होंगे

नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रकाश करात अगले साल अप्रैल में पार्टी का 24वां सम्मेलन होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पार्टी के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। वाम दल ने रविवार को यह जानकारी दी। यह निर्णय माकपा महासचिव सीताराम येचुरी का 12 सितंबर को निधन हो जाने के मद्देनजर लिया गया है। माकपा ने कहा, ह्यह्यनई दिल्ली में जारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति की बैठक में फैसला किया गया है कि कॉमरेड प्रकाश करात अप्रैल 2025 में मदुरै में 24वीं पार्टी कांग्रेस (सम्मेलन) होने तक अंतरिम व्यवस्था के तौर पर पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति के समन्वयक होंगे। इसने कहा, यह निर्णय माकपा के मौजूदा महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी के दुखद और अचानक निधन के कारण लिया गया है। माकपा के सबसे वरिष्ठ नेताओं में शामिल करात 2005 से 2015 तक इसके महासचिव रहे। वह 1985 में केंद्रीय समिति के लिए चुने गए और 1992 में पोलित ब्यूरो के सदस्य बने। पोलित ब्यूरो पार्टी का प्रमुख निर्णय लेने वाला अंग है।

**संभावना** मिशन और उपग्रहों से प्राप्त चित्रों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने जताई संभावना

## चंद्रयान-तीन चंद्रमा के संभवत: सबसे पुराने क्रेटर पर उतरा: अनुसंधानकर्ता

प्रात: किरण

नई दिल्ली। भारत का चंद्रयान-3 संभवतः चंद्रमा के सबसे पुराने क्रेटर में से एक पर उतरा था। मिशन और उपग्रहों से प्राप्त चित्रों का विश्लेषण करने वाले वैज्ञानिकों ने यह संभावना जताई है। किसी भी ग्रह, उपग्रह या अन्य खगोलीय वस्तु पर गड्ढे को क्रेटर कहा जाता है। ये क्रेटर ज्वालामुखी विस्फोट से बनते हैं। इसके अलावा किसी उल्का पिंड के किसी अन्य पिंड से टकराने से भी क्रेटर बनते हैं। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के शोधकताओं ने बताया कि चंद्रमा जिस क्रेटर पर उतरा है वह नेक्टरियन काल के दौरान बना था। नेक्टरियन काल 3.85 अरब वर्ष पहले का समय है और यह चंद्रमा की सबसे पुरानी



समयावधियों में से एक है। भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला के ग्रह विज्ञान प्रभाग में एसोसिएट प्रोफेसर एस. विजयन ने कहा, चंद्रयान-3 जिस स्थल पर उतरा है वह एक अद्वितीय भूगर्भीय स्थान है, जहां कोई अन्य मिशन नहीं पहुंचा है। मिशन के रोवर से प्राप्त चित्र चंद्रमा की ऐसी पहली तस्वीर हैं जो इस अक्षांश पर मौजूद रोवर ने ली हैं। इनसे पता चलता है कि समय के साथ चंद्रमा कैसे विकसित हुआ। जब कोई तारा किसी ग्रह या चंद्रमा जैसे बड़े पिंड की सतह से टकराता है तो गड्ढा बनता है तथा इससे विस्थापित पदार्थ को इजेक्टा कहा जाता है। इकारस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के लेखक विजयन ने बताया कि जब आप रेत पर गेंद फेंकते हैं तो रेत का कुछ हिस्सा विस्थापित हो जाता है या बाहर की ओर उछलकर एक छोटे ढेर में तब्दील हो जाता है, इजेक्टा भी इसी तरह बनता है। चंद्रयान-3 एक ऐसे क्रेटर पर उतरा था झ्र जिसका व्यास लगभग 160 किलोमीटर है और तस्वीरों से इसके लगभग अर्ध-वृत्ताकार संरचना होने का पता चलता है। शोधकताओं ने कहा कि यह संभवतः क्रेटर का आधा भाग है और दूसरा आधा भाग दक्षिणी ध्रुव-ऐटकेन बेसिन से निकले इजेक्टा के नीचे दब गया होगा। प्रज्ञान को चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चंद्रमा की सतह पर उतारा था। इसरो द्वारा प्रक्षेपित इस चंद्रयान ने 23 अगस्त, 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सॉफ्ट लैंडिंग की थी। चंद्रयान जिस स्थल पर उतरा था उसका 26 अगस्त 2023 को शिव शक्ति पॉइंट नाम रखा गया था।

## एमवीए में सीट बंटवारे पर 10 दिन में पूरी हो जाएगी बातचीत: शरद पवार

बारामती। राकांपा (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महा विकास आघाड़ी आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर अपनी बातचीत 8 से 10 दिन में पूरी कर लेगा। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन को राज्य में किसी भी कीमत पर सत्ता में आने का प्रयास करना होगा। पार्टी छोड़ने वालों पर निशाना साधते हुए पवार ने दावा किया कि उनमें से मुट्ठी भर लोग भी राज्य विधानसभा चुनाव नहीं जीत पाएंगे। राकांपा प्रमुख ने पुणे के बारामती शहर में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 288 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए चुनाव नवंबर के मध्य में होने की संभावना है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उम्मीदवारों के चयन के लिए जीतने की क्षमता ही एकमात्र योग्यता होगी। साथ ही, उन्होंने कहा कि गठबंधन में समायोजन और लचीला दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना शामिल हैं। पवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, ह्यह्यआप सभी सीटों पर चुनाव नहीं लड़ सकते और आपको अन्य दो सहयोगियों को भी उम्मीदवार उतारने की अनुमति देनी होगी तथा आपको उनके लिए भी काम करना होगा। हमें किसी भी कीमत पर अपनी सरकार बनानी होगी। उन्होंने कहा कि तीनों एमवीए सहयोगी किसी भी सीट के लिए उम्मीदवार के संदर्भ में पार्टी कार्यकर्ताओं की राय लेंगे।

## लोजपा (रामविलास) झारखंड में लड़ेगी चुनाव : चिराग

रांची। केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी और गठबंधन में या अकेले चुनाव लड़ने सहित सभी विकल्पों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। पासवान ने यह बयान ऐसे समय दिया है जब एक दिन पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को घोषणा की थी कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और जद-यू के साथ मिलकर लड़ेगी। लोजपा (रामविलास) केंद्र में भाजपा नीत राजग सरकार का हिस्सा है। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पासवान ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, लोजपा की प्रदेश इकाई गठबंधन या अकेले चुनाव लड़ने सहित सभी विकल्पों पर विचार-विमर्श कर रही है। पासवान रविवार को धनबाद में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोजपा (रामविलास) का मजबूत जनाधार है। पासवान ने कहा, जब मेरा जन्म हुआ, तब झारखंड एकीकृत बिहार का हिस्सा था। यह मेरे पिता की कर्मभूमि रहा है। पार्टी ने राज्य में मजबूत जनाधार बनाया है। ऐसे में यह निर्णय लिया गया है कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। असम के मुख्यमंत्री ने शनिवार को कहा था, भाजपा, आजसू और जदयू के साथ मिलकर झारखंड चुनाव लड़ेगी। सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर सहमति बन गई है। बाकी की एक या दो सीट के लिए बातचीत जारी है और इन पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। शर्मा ने कहा कि इस संबंध में औपचारिक घोषणा पितृ पक्ष के बाद की जाएगी जो दो अक्टूबर को समाप्त हो रहा है। झारखंड में 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव इस साल के अंत में प्रस्तावित है।

# स्वच्छता अभियान गरीबों के लिए बना वरदान: मंगल

## योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने से पहले पीएम मोदी को बधाई

● स्वच्छ भारत मिशन ने लायी स्वच्छता के प्रति क्रांति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



सूबे के स्वास्थ्य व कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन दिनों समूचे भारत में स्वच्छता सेवा अभियान चलाया जा रहा है। 2 अक्टूबर को इसकी 10वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी। इस अभियान के तहत विशेष रूप से केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों, कार्यालयों, सार्वजनिक व पर्यटक स्थलों, रेलवे स्टेशनों तथा आसपास के परिसरों आदि की साफ- सफाई के लिये विशेष सफाई अभियान चलाकर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि स्वच्छता अभियान सतत चलता रहे। राष्ट्रपति से लेकर उपराष्ट्रपति तक ने इस अभियान की प्रशंसा की है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य खुले में शौच को खत्म करना, हर घर में शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना, ठोस और तरल अपशिष्ट का प्रबंधन करना, पेयजल की पर्याप्त और सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना, सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार लाना, जलजनित रोगों के खतरे को कम करना एवं स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी सुरक्षा को बढ़ावा देना रहा है।

श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य स्वच्छ भारत बनाना है। दुनिया की प्रमुख बहु-विषयक विज्ञान पत्रिका नेचर में प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि इस अभियान से देश में सालाना 60-70 हजार शिशुओं की जान बच रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बताया कि डायरिया से होने वाली मौतों की संख्या में कमी आयी है, जिसका सीधा सम्बन्ध स्वछता से रहा। रिपोर्ट के अनुसार शौच से मुक्त गांवों में रहने वाले परिवारों को स्वास्थ्य लागत पर प्रतिवर्ष औसतन 50 हजार रुपये की बचत भी हुई।

श्री पांडेय ने कहा कि भारत में स्वच्छ भारत मिशन को शुरू हुए लगभग 10 साल हो गए हैं। इस दौरान चरणबद्ध तरीके से शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए गए स्वच्छता अभियान के सार्थक परिणाम दिखाई दे रहे हैं। जो खासकर गरीबों व स्लम बस्तियों में रहने वाली आबादी के लिए ज्यादा असरदार साबित हुई। उनमें साफ - सफाई को लेकर जागरुकता आयी। जिसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है। गांव-गांव और शहर- शहर में स्वच्छता को लेकर होड़ सी लग गई और इसके परिणाम स्वरूप गांव, जिला और प्रदेश सहित समूचे भारत में स्वच्छता की बयार बहने लगी। जिसने बीमारियों की रोकथाम पर असर डाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शौचालय बनवाने के लिये राशि को बढ़ाकर 12 हजार रुपए कर दिए। यह राशि चिन्हित बीपीएल परिवार को दिए जाते हैं। लगभग 64 लाख व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण, 6.30 लाख से अधिक सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, 4576 शहरों को ओडीएफ शहर का दर्जा, 3913 शहरों को ओडीएफ प्लस का दर्जा योजना की सफलता की कहानी बयां कर रहा है।

# जन सुराज पार्टी के अध्यक्ष का ऐलान 2 अक्टूबर को होगा : पीके

● बोले - दल बनने के बाद भी मैं पदयात्रा करता रहूंगा

● गांधी मैदान से जारी करेंगे बिहार के विकास का ब्लूप्रिंट

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 2 अक्टूबर को दल बनने से पहले पटना स्थित जन सुराज कैंप के एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि जन सुराज अभियान 2 अक्टूबर को एक राजनीतिक दल बनने जा रहा है। दल का स्थापना कार्यक्रम पटना के वेटनरी कॉलेज मैदान में दोपहर 2 बजे होगा। इस कार्यक्रम में जन सुराज से जुड़े बिहार भर के लोग आ रहे हैं। प्रशांत ने बताया कि 2 अक्टूबर को पार्टी की स्थापना के दिन जन सुराज के नेता यानी अध्यक्ष, नेतृत्व परिषद और पार्टी के संविधान की घोषणा भी की जाएगी। प्रशांत किशोर ने साफ तौर पर कहा कि वो न तो इस दल के नेता होंगे और नहीं नेतृत्व परिषद में शामिल होंगे। प्रशांत के मुताबिक वो पहले की तरह ही दल बनने के बाद भी बिहार की पदयात्रा करते रहेंगे। उन्होंने ये भी बताया कि दल बनने के बाद अगले साल की शुरुआत में फरवरी-मार्च के महीने में पटना के गांधी मैदान से जन सुराज बिहार के समग्र विकास के लिए अपना ब्लूप्रिंट जारी करेगा और बिहार के लोगों को बताया जाएगा कैसे बिहार भी देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है। बिहार के हर एक पंचायत का अलग-अलग घोषणापत्र भी जारी किया जाएगा।

**बिहार भाजपा के अध्यक्ष को गांव के 10 लोग नहीं जानते :**

प्रशांत किशोर ने बीजेपी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि अगर बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल को किसी गांव में खड़ा कर दिया जाए, तो उन्हें 10 लोग भी नहीं पहचान पाएंगे। यह वही बीजेपी है, जो खुद को दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है, लेकिन बिहार में उसकी स्थिति दयनीय है। ट्रिपल र - शराबबंदी, सर्वे और स्मार्ट मीटर एनडीए शासन के आखिरी कील साबित होंगे प्रशांत किशोर ने कहा कि ट्रिपल र यानी- शराबबंदी, सर्वे (जमीन) और स्मार्ट मीटर एनडीए सरकर का आखिरी कील है। उन्होंने कहा, शराबबंदी सिर्फ कागजों में है। जमीनी हकीकत यह है कि शराब की दुकानों को बंद कर दिया गया है, लेकिन होम डिलीवरी धड़ल्ले से चल रही है। जन सुराज शुरू से ही शराबबंदी के खिलाफ रहा है और हम मानते हैं कि इससे आने वाला राजस्व राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने में लगाया जा सकता है। उन्होंने जमीन सर्वे के मुद्दे पर कहा कि यह सर्वे गांवों में झगड़े और संघर्ष की वजह बन रहा है। नीतीश सरकार द्वारा किया गया जमीन सर्वे अगले छह महीने में हर घर और गांव में झगड़े का कारण बनेगा, और हाल की घटनाओं ने यह साबित भी कर दिया है। स्मार्ट मीटर पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर का उपयोग शुरू किया है, वे अब इसके खिलाफ हो गए हैं, क्योंकि उनके बिजली बिल में भारी बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा, लोगों के मन में यह धारणा बन गई है कि स्मार्ट मीटर के जरिए उनके बिलों में छेड़छाड़ की जा रही है।

**1995 के बाद लालू प्रसाद कभी बिहार नहीं जीत पाए हैं :**

प्रशांत किशोर ने राजद पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि 2005 के बाद से आरजेडी की कोई ताकत नहीं बची है। महागठबंधन की एकमात्र जीत भी नीतीश कुमार के चेहरे पर हुई थी, न कि आरजेडी के नाम पर।

# एशिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली देश बन चुका हैं भारत : अरविन्द



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविन्द कुमार सिंह ने कहा है कि मोदी सरकार का भारत को विश्व गुरु एवं श्रेष्ठ भारत बनाने का अटल लक्ष्य का फल लगातार दिखने लग गया है। एक बड़े बदलाव के तहत, जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत एशिया पावर इंडेक्स में तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बन गया है, जो इसकी बढ़ती भू-राजनीतिक हैसियत को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत एवं विकास उन्मुखी नेतृत्व में यह उपलब्धि भारत के सक्रिय विकास, युवा आबादी और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर हासिल हुई है, जिसने इस क्षेत्र में एक अग्रणी शक्ति के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत ने कोरोना महामारी के बाद बड़े स्तर पर आर्थिक सुधार प्रदर्शित किए हैं, जिससे इसकी आर्थिक क्षमता में 4.2 अंकों की वृद्धि हुई है। भारत की बड़ी आबादी और मजबूत जीडीपी वृद्धि ने पीपीपी के संदर्भ में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत किया है। भारत के भविष्य के संसाधनों के स्कोर में 8.2 अंकों की वृद्धि हुई है, जो संभावित जनसांख्यिकीय लाभांश का संकेत है। अपने क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों विशेष रूप से चीन और जापान के विपरीत, भारत को अपनी युवा आबादी से लाभ मिलता है जो कि आने वाले दशकों में आर्थिक विकास और श्रम-बल विस्तार को गति देती रहेगी। श्री अरविन्द ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक मान्यता हासिल की है। भारत की गुटनिरपेक्ष रणनीतिक स्थिति से नई दिल्ली के लिए जटिल अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्रों में प्रभावी रूप से नौवहन करना संभव हुआ है।

# महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर से बिहारवासी त्रस्त : तेजस्वी

## कहा- स्मार्ट मीटर से बिजली का बिल डबल हो जाने की आ रही शिकायतें

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार राज्य सरकार पर हमलावर बने हैं। इसी कड़ी में नेता प्रतिपक्ष ने रविवार को बिजली स्मार्ट मीटर को लेकर सरकार को घेरा है। अपने सोशल मीडिया के एकाउंटस एक्स पर लिखा है कि देशभर में सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्य में स्मार्ट मीटर लगा बिजली दरों को दोगुना कर एवं सबसे महँगी बिजली बेच एनडीए सरकार बिहारवासियों पर अत्याचार कर रही है। स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही लूट से हर बिहारवासी त्रस्त है। लगभग शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं का ऐसा क्यों मानना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनका बिजली बिल दोगुना या डेढ़ गुणा बढ़ा है? पूरे बिहार से शिकायतें आ रही हैं कि बिजली का बिल डबल हो गया है। सरकार बतायें कि ऐसा क्यों हो रहा है? स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी होने के कारण अगर यह मान लिया जाए कि हर घर से केवल 100 का ही फजीवार्डा हो रहा है तो सरकार बिहार भर के उपभोक्ताओं से हर महीने हजारों करोड़ रुपए की अवैध राशि वसूल रही है। आगे कहा है कि स्मार्ट मीटर मुद्दा हर घर से जुड़ा हुआ है और हर घर से स्मार्ट मीटर के विरुद्ध आवाज आ रही है। हमारी माँग है कि इस मुद्दे के निपटारे के लिए कोई निष्पक्ष कमेटी होनी चाहिए। नए मीटर लगाने से पूर्व सरकार को पहले वर्तमान 50 लाख उपभोक्ताओं की शंकाओं, संदेहों को दूर कर उन्हें संतुष्ट करना चाहिए। पिछले 20 वर्षों में तीन बार मीटर बदला जा चुका है, हर बार मीटर बदलने की जरूरत क्यों पड़ी? प्रीपेड स्मार्ट मीटर के इंटरफेस और सिस्टम में इतनी गड़बड़ और खराबी क्यों है कि पब्लिक को मालूम ही नहीं पड़ता है कि उनका पैसा कहां चला गया? कितना पैसा बचा हुआ है, बिजली उपभोक्ताओं को यह भी पता नहीं चलता कि उनकी राशि कहां कट रही है और क्यों कट रही है और किस दर से कट रही है? उपभोक्ताओं को पैसे के लिए तो मैसेज आता है लेकिन जब पैसा जमा किया जाता है तब पैसा मिला या नहीं इसका कोई मैसेज नहीं आता है। कब बिजली कनेक्शन कटने वाला है या कितनी कम राशि बची हुई है इसका भी कोई मैसेज नहीं आता है? पैसा आ गया है जल्दी ही बिजली वापस आ जाएगा इसका भी कोई मैसेज नहीं आता है। नया रिचार्ज हुआ है या नहीं हुआ है, हुआ है तो पुनः बिजली शुरू होने में घंटों क्यों लगते है? इन सब कारणों से उपभोक्ता हमेशा परेशान ही रहता है।

# 2025 में फिर से एनडीए की सरकार बनानी है : उपेन्द्र

● बोलें- विपक्षी दलों से पूरी तरह सचेत रहने की जरूरत है

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार यात्रा के क्रम में प्रथम चरण के आखरी दिन रविवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष , राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेन्द्र कुशवाहा सारण जिले के बनियापुर पहुँचे। बनियापुर के खेल मैदान में सारण जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी रवि प्रकाश कुशवाहा का रालोमो पार्टी में मिलन सम्बन्धी कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ सदस्यता महापर्व का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपेन्द्र कुशवाहा का स्वागत चांदी का मुकुट देकर किया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रालोमो की सदस्यता ग्रहण की। सभा को सम्बोधित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि इस साल हुए लोकसभा चुनाव में राजद ने उपेन्द्र कुशवाहा को राजनीति रूप से समाप्त करने की साजिश रची थी लेकिन आम आवाम के स्नेह ने मुझे सांसद बना दिया। श्री कुशवाहा ने राजद को ललकारते हुए कहा कि उपेन्द्र कुशवाहा कोई कद्दू का बतिया नहीं है जो उंगली दिखाने से गल जाय। आम लोगों से श्री कुशवाहा ने अपील की कि विपक्षी दलों के द्वारा भ्रम पैदा करने की कोशिश की जा रही है इसलिए पूरी तरह सचेत रहने की जरूरत है। श्री कुशवाहा ने कार्यकताओं से अपील की कि पूरे बिहार की 243 सीटों पर पार्टी को अपनी तैयारी रखनी है। ताकि एनडीए के सभी प्रत्याशियों की मदद की जा सके। हमें मिलकर फिर से एनडीए की सरकार बनानी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि आरजेडी को अंदाजा नहीं है कि इस बार उनकी हालत 2010 के चुनाव से भी खराब होने वाली है। सदस्यता महापर्व के इस अवसर पर रालोमो के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने पार्टी में शामिल हुए नए सदस्यों को पार्टी की शपथ दिलाई। रालोमो पार्टी की पूरी शपथ मूल रूप से संविधान में पूर्ण निष्ठा, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता तथा लोकतंत्र के सिद्धांतों पर आधारित है। साथ ही भारत की एकता, सम्प्रभुता और अखंडता बनाए रखने, भ्रष्टाचार का विरोध करने की शपथ दिलाई गई। उक्त आशय की जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती ने बताया कि इस अवसर पर सारण जिले के वरिष्ठ नेता व जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा ने सभी का स्वागत किया और मंच संचालन भी किया। इस अवसर पर रालोमो के प्रदेश इकाई के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, रोहतास जिला इकाई के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

# उपेंद्र कुशवाहा के बयान पर मीसा भारती का पलटवार

पटना। पाटलिपुत्र से लोकसभा सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने रविवार को लालू प्रसाद यादव के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट, बिहार-बलात्कार पर उपेंद्र कुशवाहा की ओर से किए गए पलटवार पर प्रतिक्रिया दी। मीसा भारती ने रविवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान लालू प्रसाद यादव के पोस्ट पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के पलटवार पर प्रतिक्रिया देते हुए मीसा भारती ने कहा कि हम राष्ट्रीय जनता दल के लोग या विपक्ष के नेता ये आरोप लगाते हैं कि घटना आज घटती है और हम चर्चा 20-22 या 25 साल पहले की करते हैं। ये दुर्भाग्यपूर्ण है। घटना आज घटी है, सरकार के मुख्यमंत्री और सरकार का नेतृत्व ये लोग करते हैं, जो लोग इस तरह की बात करते हैं, तो जवाब देना पड़ेगा। मैंने पहले भी कहा था कि प्रशासन पर मुख्यमंत्री की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। इसके अलावा उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा। मीसा भारती ने कहा कि बाढ़ की स्थिति बिहार में काफी गंभीर है। हम लोगों ने भी स्थिति को देखा है। अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके मंत्री, उनके अधिकारी निश्चित तौर पर इस मामले में कहीं ना कहीं पूरी तरह से इंतजाम कर रहे होंगे। हालांकि, पूरे मामले में जनता को यह बताना चाहिए कि वह क्या कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मामले को लेकर बिल्कुल गंभीर होंगे। बता दें कि लालू प्रसाद यादव ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में 32 बार बिहार-बलात्कार लिखा था। उनकी इस पोस्ट पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, लालू प्रसाद यादव, जिस बिहार ने आपको अपने पलकों पर बिठाया, इतना विश्वास व्यक्त किया! आज उसी बिहार के लिए 32 बार बिहार=बलात्कार कहना बिहारी अस्मिता और बिहार के गौरवशाली इतिहास पर हमला नहीं है क्या? उन्होंने आगे कहा, किसी क्षेत्र में बलात्कार जैसे जघन्य अपराध होना वहां के कुछ लोगों की आपराधिक मानसिकता का परिणाम है। इसके आधार पर पूरे प्रदेश का आपके द्वारा ऐसा नामकरण करना दुर्भाग्य की बात है। खास कर जिनके शासनकाल को बिहार और देशवासियों ने जंगलराज कहा है उन्हें तो कोई नैतिक अधिकार है ही नहीं कुछ बोलने का। आज यदि अपराध की कोई छिटपुट घटनाएं होती हैं तो अविलंब गिरफ्तारी और स्पीडी ट्रायल होता है। वहीं आपके जमाने में तो सीएम हाउस में ही अपराध की पटकथा लिखी जाती थी और अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था।

# व्यक्ति से बड़ी पार्टी और पार्टी से बड़ा राष्ट्र होता है : कन्हैया

## 100 से अधिक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ता हुए सम्मानित



पटना। राजधानी पटना में सदस्यता कार्यशाला सह सेवा पखवाड़ा के तहत बजरंग मंडल के बिस्कोमान कॉलनी स्थित बीपीएस आईटीआई में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर 100 से अधिक सदस्य बनाने वाले तथा 10 हजार सदस्य बनाने के लिए संकल्पित भाजपा कार्यकताओं को भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व प्रख्यात शिक्षाविद डॉ कन्हैया सिह के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ कन्हैया सिंह ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जहां व्यक्ति से बड़ी पार्टी और पार्टी से बड़ा राष्ट्र होता है और अन्य पार्टियों में राष्ट्र से बड़ा परिवार होता है। कई पार्टियां फादर्स एण्ड सन्स लिमिटेड है जहां राष्ट्रवाद से बड़ा परिवारवाद होता है। और पाटियां परिवार हित के लिए चलती है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा, किसान मोर्वा व बजरंग मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित होकर ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षा प्रकोष्ठ के पटना संयोजक राजेश प्रताप सिंह, महामंत्री पंकज अनुपम, सह संयोजक सुशील कुमार शर्मा, राजेश पांडेय शक्ति केन्द्र प्रमुख जयप्रकाश पप्पू, सदस्यता प्रभारी अवधेश कुमार सिन्हा, आनंदकुमार शाह, अध्यक्ष बजरंग मंडल कौशल किशोर मोनू, अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा संजय चन्द्रवंशी, पटना महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय कुमार उर्फ बालाजी, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा शशि बल्दियार, मंत्री बजरंग मंडल ऋचा श्रीवास्तव, कुसुम मिश्रा, उपाध्यक्ष महानगर महिला मोर्चा सीता सिन्हा, महिला मोर्चा की सदस्यता प्रभारी साधना राव, प्रियंका मिश्रा, नेहा कुमारी, मृत्युंजय बल्दियार, निशिथ कुमार, व किसान मोर्चा के प्रवक्ता नंद कृष्ण मेहता ने अपने विचार प्रकट किये।

# स्मार्ट मीटर के खिलाफ सभी जिलों में कांग्रेस के पर्यवेक्षक नियुक्त

पटना। बिहार कांग्रेस स्मार्ट मीटर के खिलाफ राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक चुकी है। इसी को कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज प्रदेश के सभी जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है जिसकी सूची रविवार को जारी हुई। कल यानी सोमवार को राज्य के सभी जिलों में नियुक्त पर्यवेक्षकों को जिलाध्यक्ष के साथ जिला मुख्यालय पर मीडिया से मुखातिब होने का निर्देश प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने जारी किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि प्रदेश प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने हाल में पटना सदाकत आश्रम से यह ऐलान किया था कि सेवादल द्वारा जारी इस आंदोलन को वें चरणबद्ध तरीके से प्रत्येक जिलों में ले जायेंगे उसी के तहत सभी जिला में प्रभारियों की नियुक्ति की गई है जिसकी सूची संलग्न है, उन्हें संबंधित जिलाध्यक्षों के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर जनता के हितों को ध्यान में रखकर संबोधित करने को कहा गया है। गौरतलब है कि कांग्रेस के द्वारा स्मार्ट मीटर को जनता के साथ सबसे बड़ी धांधली बताई जा रही है और बिहार कांग्रेस के प्रभारी ने इस आंदोलन में राजद को भी साथ कर लिया है।

# भारत को अपनी सेना पर सदा गौरव रहा है: नन्द किशोर

● एयरवेटरन्स वेलफेयर फाउंडेशन ने वायुसेना दिवस मनाया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



भारत को अपनी सेनाओं पर सदा ही गौरव रहा है। वायुसेना भारतीय सेना की बड़ी शक्ति है। यह प्रसन्नता की बात है कि अवकाश के बाद भी भारतीय वायुसेना के पूर्व सैनिक अब समाज की सेवा कर रहे हैं। यह बातें रविवार को एयरवेटेरन वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में मित्रमण्डल कॉलोनी, फुलवारी में आयोजित वायु सेना दिवस समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने कही। उन्होंने फाउंडेशन के सामाजिक कार्यों की भी सराहना की। समारोह के मुख्यअतिथि और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने इस अवसर पर बंगलादेश मुक्ति-आंदोलन में भारतीय वायुसेना के शौर्य का स्मरण करते हुए कहा कि वायु-सेना के महान पराक्रम से भारत को वह महान विजय मिली थी। उन्होंने फाउंडेशन को बधाई दी तथा पूर्व वायु सैनिकों की समाज-सेवा की भी सराहना की। एयरवेटरन्स वेलफेयर फाउंडेशन आज वायुसेना दिवस मना रहा है, जिसमें भारतीय वायुसेना की बहादुरी और बलिदान को श्रद्धांजलि दी गई है। फाउंडेशन के अध्यक्ष वारंट ऑफिसर संजय कुमार (सेवानिवृत्त) ने कहा, फाउंडेशन बिहार में अपनी तरह का प्रथम पंजीकृत निस्वार्थ फाउंडेशन है, जहां हम सभी जरूरतमंदों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एयर वेटरन्स वेलफेयर फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है, जिसमें भारतीय वायु सेना के सेवानिवृत्त वायु योद्धा एवं उनका परिवार शामिल हैं, जो निस्वार्थ सेवा के लिए समर्पित हैं। श्री संजय कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आमंत्रण स्वीकार करने के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एयरवेटरेंस वेलफेयर फाउंडेशन के सभी सदस्य अध्यक्ष श्री संजय कुमार, सचिव श्री विजय कुमार, कोषाध्यक्ष श्री संजय कुमार झा, अन्य ट्रस्टी सदस्य राकेश कुमार, रवि रंजन, हरेंद्र कुमार, बिपिन चंद्र त्रिवेदी, प्रेम प्रकाश, अविनाश कुमार तथा अन्य ७० पूर्व वायु सैनिक सपरिवार उपस्थित रहे।

# जियालाल आर्य की कहानियाँ मन को कुरेदती और गुदगुदाती भी है

## साहित्य सम्मेलन में कहानी संग्रह नदी रुकती नहीं का हुआ लोकार्पण हुई लघुकथा-गोष्ठी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता




वरिष्ठ लेखक जियालाल आर्य की कहानियाँ मन को कुरेदती और गुदगुदाती भी है। किस्सा-गोई में एक विशेष स्थान बना चुके आर्य जी पाठकों पर गहरा प्रभाव छोड़ते हैं। पढ़ना आरंभ कर चुके पाठक को ये अंत तक पढ़ने के लिए विवश करते हैं। एक सफल कहानी की पहली विशेषता यही है कि वह पाठकों के मन में अंत तक कौतूहल बनाए रखे। यह बातें रविवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, बिहार के पूर्व गृह सचिव और वरिष्ठ लेखक जियालाल आर्य के कहानी-संग्रह ह्यनदी रुकती नहींह्ण के लोकार्पण हेतु आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, लोकार्पित पुस्तक के लेखक एक संवेदनशील और गहन सामाजिक-दृष्टि रखने वाले रचनाकार हैं। संग्रह की कहानियों में लेखक की लोक-चेतना और जीवन के अनेक मूल्यों को अभिव्यक्ति मिली है।

पुस्तक का लोकार्पण करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश और राज्य उपभोक्ता आयोग, बिहार के अध्यक्ष न्यायमूर्ति संजय कुमार ने कहा कि पुस्तक के लेखक जियालाल आर्य ने जितनी निष्ठा से प्रशासनिक सेवा की उसी निष्ठा से वे साहित्य की बड़ी सेवा कर रहे हैं।

बिहार सरकार के पूर्व विशेष सचिव और साहित्यकार डा उपेंद्रनाथ पाण्डेय ने कहा कि सृजन की विविध विधाओं में कहानी-लेखन का कार्य अधिक कठिन है। शास्त्रों में कहा गया है कि एक कथा-लेखक को बहुत ज्ञानी होना चाहिए। उसे शास्त्रों का गहरा अध्ययन होना चाहिए।

पुस्तक के लेखक जियालाल आर्य ने कृतज्ञता-ज्ञापित करते हुए कहा कि मैंने अपनी कहानियों की कथा-वस्तु ही नहीं, कथा के पात्रों को भी अपने गाँव और ग्राम्य-जीवन से चुने हैं। सभी कहानियाँ सत्य-कथाओं पर आधारित हैं, इसलिए सजीव हैं और पाठकों की अपनी कहानी सी लगती हैं। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, डा मधु वर्मा तथा ओम्‌ प्रकाश पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, आयोजित लघुकथा-गोष्ठी में, डा शंकर प्रसाद ने अभिज्ञान शीर्षक से, डा पुष्पा जमुआर ने रिटायरमेंट, डा मनोज गोवर्द्धनपुरी ने फेसबुक, अनीता मिश्र सिद्धि ने कोड-नम्बर, जय प्रकाश पुजारी ने, अपना घर, डा पूनम आनन्द ने दाँव, तथा नरेंद्र कुमार ने सम्मान-सुख शीर्षक से अपनी लघुकथा का पाठ किया। मंच का संचालन ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन सम्मेलन के प्रबंध मंत्री कृष्ण रंजन सिंह ने किया। सम्मेलन के अर्थ मंत्री प्रो सुशील कुमार झा, ई अशोक कुमार, डा नागेश्वर प्रसाद यादव समेत बड़ी संख्या में सुधीजन और साहित्यकार उपस्थित थे।

# चौकीदार व दफादार की बहाली में मिले पासवान को शत प्रतिशत आरक्षण : पारस

## दलित सेना की बैठक में बनी विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर संगठन विस्तार की रणनीति

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



रालोजपा प्रदेश कार्यालय में दलित सेना की प्रदेश कार्यकारिणी एवं सभी जिला के जिलाध्यक्षों की बैठक रविवार को संपन्न हुई। आज की इस बैठक का उद्घाटन राष्ट्रीय लोजपा एंव दलित सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने दीप प्रज्जवलित कर की एवं बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम कुमार दाहा एवं मंच का संचालन प्रधान महासचिव रंजीत पासवान ने की। आज की बैठक में युवा नेता यश राज की अहम भागीदारी रही। इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने संबोधित करते हुए कहा कि दलित सेना राजनीतिक पार्टी नहीं है यह सामाजिक संगठन है। दलितों पर अत्याचार एवं उत्पीड़न की घटनाएँ बहुत बढ़ गई है इस पर सरकार से उचित मुआवजा एवं अपराधियों को कड़ी सजा देने की माँग की साथ ही चौकीदार एवं दफादारों एवं जमादारों को पासवान समाज के लिए शत प्रतिशत आरक्षण की माँग की क्योंकि यह संगठन समाज करीब विगत पाँच सौ वर्षो से पूरे समाज की रक्षा करता आया है और सरकार इस समाज को इन पदों से हटाकर न्याय संगत नहीं है। बिहार सरकार को इस संदर्भ में पत्र लिखकर माँग की गई थी लेकिन माँगों नहीं सुनी गई। आगे पारस ने बैठक में 14 सूत्री प्रस्ताव पारित की। प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की संयुक्त बैठक में 14 सूत्री प्रस्ताव पारित की गई। जिसमे मुख्य रूप से दलित सेना बड़े स्तर पर सदस्यता अभियान चलाएगी।

बाबा साहब डॉ अम्बेदकर का परिनिर्वाण दिवस 06 दिसम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाएगी। उच्चतम न्यायलय द्वारा दिए गए फैसले में अनुसूचित जाति/जनजाति को मिलने वाले आरक्षण में उपवर्गीकरण करने पर पुरजोड़ विरोध करना, पदम विभूषण तथा दलितों के मसीहा रामविलास पासवान जी को भारत रत्न देने की माँग एवं आदमकद प्रतीमा पटना में लगाने की माँग की। साथ ही निजी क्षेत्रों में भी अनुसूचित जाति/जनजाति को आरक्षण देने की माँग विधान परिषद एवं राज्यसभा में लोकसभा, विधानसभा की तरह आरक्षण देने की माँग, देश के सर्वोच्च न्यायलय एवं उच्च न्यायालय में जजों की नियुक्ति कोलिजियम सिस्टम समाप्त करना तथा जजों की नियुक्ति में आरक्षण की व्यवस्था एवं न्यायिक आयोग की गठन की माँग की गई। जाति जनगणना का समर्थन करते हुए राज्य में पासवान समाज के लिए चौकीदार/दफादार, बिहार ग्रामीण पुलिस की नियुक्ति में शत प्रतिशत आरक्षण की माँग, दलित सेना नवादा कांड की न्यायिक जाँच की माँग रखी एवं दलितों पर निरंतर बढ़ती हिंसा एवं उत्पीड़न की घटनाओं पर कठोर कानून बनाने की माँग की। इस बैठक में कुल 14 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। आज की बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विरेश्वर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण कुमार अग्रवाल, दलित सेना के राष्ट्रीय महासचिव अम्बिका प्रसाद बिनू, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रंजीत कुमार, मनीष त्यागी, चंदन कुमार, अमर पासवान, विगन मांझी, पुलिस राम, विजय पासवान, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष इन्द्रा कुमारी, पवन कुमारी, हेमा कुमारी, राधाकान्त पासवान, सौलत राही, अंकित दूबे सहित सैकड़ों की संख्या में दलित सेना के कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### 29 रक्त वीरों ने किया रक्तदान

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के खोकसाहा स्थित बी.बी.एस. लाइब्रेरी के प्रांगण में ग्रामीण रक्तदान संघ रोहन हेल्थ केयर के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विभूतिपुर पुर पंचायत के सरपंच हेमा देवी, जिला परिषद अमन पराशर, समाजसेवी अभिषेक अनल, उमेश कॉपर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में रोहण राज, रोशन कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, विश्वनाथ प्रसाद, बाबा चंदनदेव (योगगुरु), अमरजीत कुमार, अविनाश, श्याम दीवाना, अजीत कुमार शिवम, पवन कुमार शर्मा, दिव्यांशु कुमार, अर्जुन बिहारी,गुड़िया देवी, अभिनव रौशन, कुंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सत्येंद्र नारायण सिंह, विकास कुमार, गुड्डू कुमार सहित कुल 19 रक्त वीरों ने रक्तदान किया।

### विकास कुमार ने सीएलआईए बेगूसराय में प्रथम व एमडीआरटी दलसिंहसराय में दूसरा स्थान प्राप्त किया

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के महिषी निवासी एलआईसी अभिकर्ता रामाकांत राय का पुत्र विकास कुमार ने सीएलआईए बेगूसराय में प्रथम व एमडीआरटी दलसिंहसराय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। विकास ने एलआईसी को भविष्य का आधार बनाकर लगातार मेहनत व अपने पिता के सहयोग के बल पर इस मुकाम को हासिल कर शाखा व समाज का नाम रौशन किया है। वहीं विकास की मेहनत व सफलता पर शाखा प्रबंधक पंकज कुमार, सहायक शाखा प्रबंधक दीपक कुमार ने चादर पाग माला एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर विनायक कुमार नंदू, मुकेश कुमार झा,, अरविंद कुमार राय, वेद प्रकाश आदि मौजूद थे।

### बाइक पिकअप की टक्कर में एक जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के पूसा कल्याणपुर मुख्य पथ के जनता चौक के समीप एक बाइक ओर पिकअप की टक्कर में बाईक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस गंभीर रूप से जख्मी को सामुदायिक अस्पताल में प्राथमिक ईलाज कराया गया।चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए समस्तीपुर सदर अस्पताल रेफर किया। गंभीर जख्मी की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मणिका नरौली गांव के गोपी भगत के 54 वर्षीय पुत्र गणेश जी भगत के रूप में की गई है। इधर थाना अध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव ने बताया कि क्षतिग्रस्त बाईक को पुलिस जप्त कर ली है। घटनास्थल पर आक्रोशित लोगों ने पिकअप को घेर लिया है। चालक फरार बताया गया। पिकअप लाने को लेकर थाने से पुलिस पदाधिकारी सहित बल को भेजा गया है।

### बनडाल हुआ ध्वस्त

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के बागमती नदी के मोरवाड़ा गांव में बना पंडाल बिगत महीना में भारी वर्षा के कारण नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से प्लास्टिक के बैग में मिट्टी भर का बनाया गया बंडाल दोस्त हो गया। लोगों के मुताबिक करीब 200 फीट में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क को बचाने के लिए बडाल बनाया गया था। 100 फीट में बना बडाल ध्वस्त हो गया। पूर्व जिला पार्षद मोहम्मद नूरुद्दीन ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से बनीं सड़क को बचाने के लिए बडाल का निर्माण कराया गया था। बागमती नदी सड़क के करीब पहुंच गई है। नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से सड़क नदी में विलीन होने की संभावना बनी हुई है। सड़क कटाव के चपेट में आ सकती है। वहीं अंचलाधिकारी शशि रंजन कुमार ने बताया कि फ्लड कंट्रोल विभाग के से बात हुई है। जल्द ही सड़क को बचाने का प्रयास किया जाएगा।

### भीषण बाढ़ की चपेट में हजारो की आबादी प्रभावित,डीएम भी अधिकारियो के साथ क्षेत्र में दौड़ा कर रहे है

मधुबनी मधुबनी जिले के मधेपुर प्रखंड के कोसी के पेट में बसे बासीपट्टी और गढ़गांव पंचायत के गांवए कोसी के रौद्र रूप का कहर कल से लगातार जारी है। कोसी में आई भीषण बाढ़ की चपेट में हजारो की आबादी प्रभावित हुई है। सैकड़ो लोगों के घर कोसी के बाढ़ में डूब गए है और लोग किसी तरह से अपने जान बचाकर घर छोड़कर बांध पर शरण लिए हुए हैं। वहीं जिला प्रशासन ने भी अपने रेस्क्यू टीम चला रखा है जो बाढ़ मे फंसे लोगो को बाहर निकलने में लगी हुई है डीएम अरविंद कुमार वर्मा अधिकारियों के साथ क्षेत्र में दौड़ा के करते हुए बताया कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए कम्युनिटी किचन चलाई जा रही है और उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाने की व्यवस्था की जा रही है साथ ही पॉलिथीन सीट्स भी उपलब्ध कराए जा रहे है हर तरीके से अधिकारियो को नजर रखने का निर्देश दिया गया है कहीं से भी किसी भी प्रकार की लोगो को कठिनाई होगी उसे पर ध्यान दिया जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



अस्पतालों के सफल संचालन एवं कुशल प्रबंधन के माध्यम से मरीज को अस्पतालों में बेहतर एवं मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा बहाल कराने हेतु जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों के साथ समाहरणालय सभागार में बैठक की तथा आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने तथा जन-जन में टीबी के विरुद्ध अभियान जारी रखने का निर्देश दिया। बैठक में अवगत कराया गया कि गायघाट के बेरूआ पंचायत को टीबी मुक्त पंचायत घोषित किया गया है। इस पंचायत की मुखिया उषा देवी को जिला पदाधिकारी द्वारा स्मृति चिह्न भेंट किया गया तथा प्रमाण पत्र दिया गया। गायघाट के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक प्रखंड के न्यूनतम एक पंचायत को टीबी मुक्त बनाने तथा इस महत्वपूर्ण अभियान में आम लोगों को भी सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। जिला पदाधिकारी ने आकांक्षी प्रखंड मुशहरी में संपूर्णता अभियान के सफल एवं सुचारू संपादन करने तथा लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए इस अभियान में कार्यरत सभी अधिकारियों एवं कर्मियों जीविका, आईसीडीएस, स्वास्थ्य विभाग की सराहना की है तथा धन्यवाद ज्ञापित किया है।बैठक में जिला स्वास्थ्य प्रबंधक ने पीपीटी के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में पाया गया कि जिले के 36 नवनिर्मित भवनों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ की जा चुकी हैं साथ ही सदर अस्पताल में माइक्रोबायोलॉजी के तहत 85 टेस्ट शुरू हैं। सदर अस्पताल में जिला पदाधिकारी की पहल पर अगस्त माह से आंख के भी ऑपरेशन की व्यवस्था सरकारी स्तर पर की गई है। अस्पताल में कई मरीजों का सफल ऑपरेशन भी किया गया है। साथ ही ईएनटी वार्ड भी प्रारंभ है। जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक प्रखंड के हेल्थ वेलनेस सेंटर में पांच पांच संस्थागत प्रसव कराने हेतु चिह्नित किया गया है। हर प्रखंडों के चार हेल्थ वेलनेस सेंटर पर इम्यूनाइजेशन कॉर्नर खोले गए हैं जहां बुधवार शुक्रवार के अलावे अन्य दिनों में भी टीकाकरण की सेवाएं दी जाएगी। संपूर्ण टीकाकरण में अगस्त माह में जिला की उपलब्धि 92% है। प्रखंड वार समीक्षा में पाया गया कि अगस्त माह में लक्ष्य के विरुद्ध बंदरा का128 प्रतिशत उपलब्धि तथा औराई एवं मुरौल का भी सराहनीय उपलब्धि है। जिला पदाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य प्रबंधक को अगली बैठक में बंदरा ,औराई ,मुरौल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक तथा बीसीएम को प्रशस्ति पत्र देने का निर्देश दिया। एएनसी की समीक्षा में पाया गया कि कटरा बंदरा मुरौल बेहतर उपलब्धि रही है। कांटी की स्थिति निराशाजनक रही जिसके कारण जिला पदाधिकारी ने कांटी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक से स्पष्टीकरण करने तथा नवंबर तक स्थिति सुधारने का सख्त निर्देश दिया। 90% से कम उपलब्धि वाले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया। एनसीडी में सुधारात्मक कार्रवाई के तहत जिला पदाधिकारी ने प्रत्येक प्रखंड के अधीन निम्न प्रदर्शन करने वाले तीन चार एएनएम को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया।जिला पदाधिकारी ने जिले में डीपीओ आईसीडीएस के कार्य पर गहरी आपत्ति एवं नाराजगी प्रकट की गई। गौरतलब है कि संपूर्णता अभियान में जिला पदाधिकारी द्वारा दिये गये निदेश एवं प्रदत्त दायित्व के बावजूद भी डीपीओ आईसीडीएस एक दिन भी इस कार्य हेतु क्षेत्र में नहीं गई। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण की सुरक्षा एवं संरक्षा हेतु संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र में भी इनकी स्थिति बहुत खराब पायी गई। डीपीओ आईसीडीएस को बिना पूछे मुख्यालय नहीं छोड़ने की सख्त हिदायत दी गई है तथा विभागीय दायित्व के प्रति जवाबदेह रहने का निर्देश दिया गया है अन्यथा इनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हेतु प्रतिवेदित करने की चेतावनी दी गई है। स्वास्थ्य एवं पोषण के क्षेत्र में शून्य उपलब्धि वाले सीडीपीओ से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया है।

## जिंदगी की कहानी रही अनकहीं दिन गुजरते रहे सांसे चलती रही




ब्रह्मानंद ठाकुर /प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। शहर की पुरानी संस्था श्री नवयुवक समिति के सभागार में रविवार को नटवर साहित्य परिषद की ओर से मासिक कवि गोष्ठी सह मुशायरा का आयोजन किया गया। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सत्येन्द्र कुमार सत्येन, मंच संचालन वरिष्ठ कवि गीतकार डॉ.विजय शंकर मिश्र व धन्यवाद ज्ञापन नटवर साहित्य परिषद के संयोजक नर्मदेश्वर प्रसाद चौधरी ने किया।

कवि गोष्ठी की शुरूआत आचार्य श्री जानकी वल्लभ शास्त्री के गीत- जिन्दगी की कहानी रही अनकही, दिन गुजरते रहे सांसे चलती रही..... डॉ. विजय शंकर मिश्र- समय पत्र पर अमर गीत मैं रचनेवाला गीतकार हूं..... शायर डॉ. नर्मदेश्वर मुजफ्फरपुरी ने गजल- हालात हमारे भी बदल क्यूं नहीं जाते, ये ख्वाब हकीकत में उतर क्यूं नहीं जाते...... आचार्य चन्द्र किशोर पाराशर - समय की सीढ़ियों पर चढ़ता रहूंगा, इक नई सदी मैं गढ़ता रहूंगा..... सुमन कुमार मिश्र- अभाव से दूरियां बढ़ती गई, हम सुख से वंचित होते गए...... सत्येन्द्र कुमार सत्येन- धीरे धीरे अइली बदरिया, उतरी असमनवा नू हो..... डॉ. जगदीश शर्मा - दिल की दिल से हो रही मुलाकात की बात है , विश्व हृदय दिवस मना रहा सारा आज है ...... अरुण कुमार तुलसी- अल्प ज्ञान बनता महान, सरिता न होते कभी सागर समान...... उमेश राज- हमसे मत पूछो दिल पर क्या गुजरी है...... अंजनी कुमार कुमार पाठक - हंसते मुस्कुराते पटा लीजिए..... रामबृक्ष राम चकपुरी- मुझार्या हुआ चेहरा कब कली बन खिलेगा चमन में...... ओमप्रकाश गुप्ता- बेसबब तकरार से कुछ हासिल नहीं होगा...... इसके अलावे मुन्नी चौधरी प्रभा, अभय कुमार शब्द, नरेन्द्र मिश्र, यशपाल कुमार, नन्द किशोर पोद्दार, सुरेन्द्र कुमार, रणवीर अभिमन्यू की रचनाएं भी सराही गई।

## पान संघ की बैठक में जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन में भाग लेने का लिया निर्णय




प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर हाँको रथ हम पान हैं। नारे के साथ विभूतिपुर प्रखण्ड स्तरीय पान महासंघ की बैठक विभूतिपुर पूरब ग्राम कचहरी परिसर में महथी दक्षिण पंचायत के सरपंच हरेराम दास की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 01अक्टूबर 2024 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय समस्तीपुर में प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी गोलबंदी के साथ भाग लेने के लिए व्यापक रूप से तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। लोगों ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से पान जाति को अनुसूचित जाति की मान्यता नहीं देने के लिए आक्रोश व्यक्त किया। बिहार सरकार और केन्द्र सरकार से इसका हिसाब आने वाले विधान सभा चुनाव में लिया जाएगा। वोट की चोट से एन डी ए गठबंधन को बताया जाएगा। विदित हो कि मेडिकल कॉलेज सहित अन्य विभागों में परीक्षा पास करने के बावजूद नामांकन से सैकड़ों छात्रों को वंचित होना पड़ा है। उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस बैठक को पूर्व जिला पार्षद कोकाय दास, कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमाशंकर प्रसाद, पूर्व मुखिया अरविन्द कुमार दास, दिनेश कुमार दास, रवींद्र दास, प्रखण्ड अध्यक्ष धर्मपाल दास, महथी दक्षिण पंचायत के मुखिया भोला शंकर दास, पतैलिया पंचायत के समिति सदस्य प्रभात कुमार,गणेश दास, चिमन दास, सुरेश दास,सुरेन्द्र दास, शिवम्‌कुमार दास, राम प्रताप दास, राज कुमार दास, शंभु कुमार दास,राम विलास दास आदि ने संबोधित किया।

## साईबर ठगी गिरोह के 5 अपराधकर्मी गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिले में साइवर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में साइबर ठगी गिरोह के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।राजेपुर ओ०पी० थाना अंतर्गत रात्री गश्ती के क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बिदुरिया चौक के पास एक कार सवार 2 व्यक्ति साईबर फ्रॉड एवं ए०टी०एम० से पैसा निकालने का काम करता है। जो कही साईबर फ्रॉड की घटना का अंजाम देने के फिराक में है। सूचना प्राप्त होते ही राजेपुर थाना की गश्ती टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बिदुरिया चौक के पास घेराबंदी कर कार सवार दोनों व्यक्तियों . मो० नाजीम हुसैन पिता मो० रफीक हुसैन ग्राम मौना थाना राजेपुर ओ०पी०, एवं अजीत कुमार राम पिता सुदीष्ट राम ग्राम मगुंराहों दोनो थाना राजेपुर ओ०पी०( साहेबगंज) को मौके से गिरफ्तार कर तलाशी ली गई । तलाशी के क्रम में नगद-80 हजार , विभिन्न बैंको के 15 ए०टी०एम० कार्ड, आधार कार्ड, पैनकार्ड, चेकबुक, पासबुक, कैश डिपोजिट स्लिप इत्यादि बरामद किया गया। गिरफ्तार अपराधकर्मियों की निशानदेही पर घटना में संलिप्त अन्य अपराधकर्मी . मनीष कुमार महतो, सुरज पासवान दोनों ग्राम बंगरा फिरोज द थाना राजेपुर ओ०पी० को घर से गिरफ्तार किया गया । इसी के साथ अन्य अपराधी राजा बाबु को ग्राम डगराहों थाना मेंहसी जिला पूर्वी चम्पारण को भी उसके घर से गिरफ्तार किया गया है।

## जरूरत मन्दो के बीच सामाजिक कार्यो में निःस्वार्थ भाव से दे भागीदारी लें संकल्प : कल्पना सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर जिला कुशवाहा महासभा के सचिव कल्पना सिंह के आयोजन में प्रखण्ड स्तरीय कार्यसमिति का गठन हेतु कुशवाहा मिलन समारोह सह सम्मान व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किसान भवन के परिसर स्थित सभा कक्ष में आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कुशवाहा महासभा के जिला अध्यक्ष कृष्ण देव महतो मंच संचालन वरीय सदस्य शम्भू सिंह के द्वारा किया गया।मंचासीन जिला कुशवाहा महासभा के सचिव कल्पना सिंह, अध्यक्ष कृष्ण देव महतो, शम्भू सिंह, शंकर मेहता,सूर्यदेव सिंह, विश्वनाथ कुशवाहा, श्याम सिंह, रामदेव सिंह, राम सुंदर महतो, शंकर मुखिया, उमेश प्रसाद, राम बालक, सूर्यनारायण महतो, अरविंद महतो, रामदेव महतो, राजेन्द्र प्रसाद समेत अन्य अतिथियो सदस्यो के द्वारा संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।अतिथियो सदस्यो का स्वागत सम्मान मिथिला के परम्परा के अनुसार पाग चादर फूल माला पहनाकर स्वागत कर सम्मानित किया गया। जिला सचिव कल्पना सिंह समेत अन्य वक्ताओ ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाज की एकता मजबूती और संगठन का विस्तार विकास समाज के हर वर्ग को शिक्षा के प्रति अलख जगाने महिला सशक्तिकरण को बढावा देने और नशा एवं कुरीतियो से दूरी , समाज मे निःस्वार्थ भाव से सामाजिक कार्यो का संकल्प लेते हुए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया। कुशवाहा समाज की राजनीतिक भागीदारी उत्थान समाज मे विकास कार्यो को करने का आह्वान किया । केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को समाज तक पहुँचे। जनसमस्याओ के निदान हेतु आवाज बुलंद करेंगे। जयनगर प्रखण्ड के नये कार्यकारिणी का गठन चुनाव कर किया गया। अध्यक्ष राम कुमार महतो, सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कृष्णा कुमार सिंह, संरक्षण मंडल सदस्य मधुकर प्रसाद सिंह, सोनेलाल सिंह, बेचन सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, अरुण कुमार सिंह, परामर्श दात्री में सूर्यनारायण सिंह, राम बहादुर महतो, राम सत्यम सिंह, मुंशी महतो, राम सुंदर सिंह समेत 28 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन करते हुए शपथ दिलाया गया। कार्यकारिणी पदाधिकारियो व सदस्यों को सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## दरभंगा की इस मिट्टी से मुझे हमेशा विशेष स्नेह मिला है : डॉ मीसा



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। राजद नेत्री व पटना के सांसद डॉ. मीसा भारती को पूर्णिया की यात्रा के दौरान दरभंगा पहुंचने पर किया गया भव्य स्वागत। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और दरभंगा ग्रामीण विधायक ललित कुमार यादव के नेतृत्व में और युवा राजद महानगर अध्यक्ष राकेश नायक के मार्गदर्शन में उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गरिमामयी आयोजन में उपाध्यक्ष विजय प्रकाश ,महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष यासमीन खातून, महानगर अध्यक्ष गंगा मंडल, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राजा पासवान, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष कुमार गौरव, डॉ. संतोष गोस्वामी, मोहम्मद अकबर अली, श्याम सुंदर यादव, रंजीत यादव और श्याम पासवान ने प्रमुख रूप से भाग लिया। विधायक ललित कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा आज का यह आयोजन न केवल डॉ मीसा भारती का सम्मान है, बल्कि यह इस बात का प्रतीक भी है कि राजद का प्रत्येक कार्यकर्ता और समर्थक उनके नेतृत्व में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खड़ा है।उनके संघर्ष और राजनीतिक कौशल हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। उनके नेतृत्व में पाटलिपुत्र क्षेत्र और बिहार के विकास की दिशा में जो कदम उठाए जा रहे हैं, वे राज्य की समृद्धि और प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। अपने स्वागत से अभिभूत डॉ मीसा भारती ने समारोह में उपस्थित कार्यकताओं और नेताओं का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा दरभंगा की इस मिट्टी से मुझे हमेशा विशेष स्नेह मिला है। आप सभी का यह प्रेम और समर्थन मुझे निरंतर सेवा के कार्यों में ऊर्जा प्रदान करता है। राजद का हर कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है, और जब तक आपके जैसे समर्पित कार्यकर्ता हमारे साथ हैं, तब तक हमारा यह संघर्ष और हमारी विजय सुनिश्चित है।

## प्रखंड में अचानक आई बाढ़ की स्थिति का सीओ ने किया समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा)।अंचल कार्यालय में सीओ गोपाल पासवान की अध्यक्षता में रविवार को राजस्व कर्मचारी एवं बाढ़ प्रभावित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक की आपात बैठक हुई। जिसमें प्रखंड में अचानक आई बाढ़ की स्थिति का समीक्षा करते हुए सीओ श्री पासवान ने राजस्व कर्मचारी एवं प्रधानाध्यापक को कई आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नदी के जलस्तर में लगातार हो रहे वृद्धि को देखते हुए बाढ़ से पीड़ित लोगों के लिए सामुदायिक किचन, रोशनी के लिए जेनरेटर तथा पेयजल की व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारी करने का निर्देश दिया। कहा कि विभिन्न मार्गों पर 26 नाव चलाने का निर्देश दिया गया है। आवश्यकता पड़ने पर नाव की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने नाविक को नाव पर क्षमता से अधिक लोगों को नहीं चढ़ाने का निर्देश दिया। क्षमता से अधिक लोगों को नाव पर चढ़ाने से किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित नाविक पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी। बाढ़ प्रभावित लोगों को ऊंचा स्थान पर चले जाने को कहा। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय में आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका मोबाइल नंबर 7260001976 है। कंट्रोल रूम 24 घंटे चालू रहेगा। उन्होंने लोगों को किसी तरह के घटना दुर्घटना होने पर कंट्रोल रूम को सूचना देने का अपील किया। मौके पर राजस्व कर्मचारी भोला राय, मनोज दत्त,सोनू कुमार, अजय कुमार, मुकेश कुमार राम,, भानु प्रताप, जवाहर कुमार, शिक्षक उदय कुमार, पंकज कुमार राय, अजीत कुमार, विक्रांत कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## प्रीपेड स्मार्ट मीटर से 79 प्रतिशत उपभोक्ता हुए आच्छादित

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।प्रीपेड स्मार्ट मीटर के अधिष्ठापन कार्य में तेजी लाने तथा जागरूकता अभियान के माध्यम से आम लोगों को सही जानकारी सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बिजली विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता के साथ बैठक की तथा कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान पाया गया कि जिले में 79 प्रतिशत प्रीपेड स्मार्ट मीटर का अधिष्ठापन किया जा चुका है। जिले के 8 लाख42 हजार 309 उपभोक्ताओं में से 6 लाख 68 हजार 455 उपभोक्ताओं ने प्रीपेड मीटर लगा लिया है। अर्बन वन और अर्बन टू डिवीजन में शत प्रतिशत अधिष्ठापन किया जा चुका है। वहीं अन्य दो डिवीजन में भी काफी अच्छी प्रगति है।मुजफ्फरपुर पूर्वी डिवीजन में 78 प्रतिशत एवं मुजफ्फरपुर पश्चिमी डिविजन में 65 प्रतिशत की उपलब्धि है। जिला पदाधिकारी ने पूर्वी एवं पश्चिमी डिवीजन के कार्यपालक अभियंता को सतत मॉनिटरिंग कर कार्य में तेजी लाने तथा शत -प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने का निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने प्रीपेड स्मार्ट मीटर के बारे में आम लोगों के बीच फैली भ्रांति एवं संशय को दूर कर स्मार्ट मीटर लगाने से होने वाले लाभ के बारे में सही जानकारी देने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित कर सार्वजनिक स्थलों पर शिविर का आयोजन करने तथा आम लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी सरकारी भवनों में 30नवंबर तक प्रीपेड स्मार्ट मीटर अधिष्ठापित करने का का भी निर्देश दिया है।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है।

## खेलो भारत आयाम के ओर से अखिल भारतीय कार्यशाला का किया गया पोस्टर विमोचन

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दरभंगा द्वारा खेलो भारत आयाम के ओर से अखिल भारतीय कार्यशाला का पोस्टर विमोचन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नवनीत रंजन,नगर मंत्री शास्वत चौधरी, जिला खेलो भारत संयोजक सत्यम झा उपस्थित रहे। खेलो भारत अखिल भारतीय कार्यशाला एक और दो अक्टूबर को लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर मध्य भारत प्रांत में आयोजित किया गया है । मौके पर नगर मंत्री शाश्वत चौधरी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का खेलो भारत एक महत्वपूर्ण आयाम है जिसके अंतर्गत पूरे देश भर के लाखों युवा इस आयाम से जुड़कर खेल के मैदाने में देश के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगे।जिला खेलो भारत संयोजक सत्यम झा ने बताया कि खेलो भारत आयाम दृढ़ता से आगे बढ़ रही है। जिसका लक्ष्य पुरे देश के पिछड़े हुए क्षेत्र के युवाओं को प्रोत्साहीत कर के ओलंपिक में जाने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। मौके पर रोशन सिंह,सचिन कुमार, सुमित कुमार, लव कुमार, मोहित कुमार सहित दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

## डीएम ने बाढ़ को लेकर विभिन्न जगहों का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर डीएम रोशन कुशवाहा ने बागमती के संभावित बाढ़ को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के नामापुर चकमेहसी अन्य जगहों का कटाव स्थल का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने नमापुर में बागमती नदी पर बन रहा पुल का भी रविवार को निरीक्षण किया। संभावित बाढ़ को देखते हुए पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया । वहीं चकमहेसी थाना परिसर में अधिकारियों की एक समीक्षात्मक बैठक डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित पदाधिकारी को कई आवश्यक निर्देश दिए गए। आगे उन्होंने कहा कि संभावित वाढ को देखते हुए चकमेहसी थाना पर एसडीआरएफ की टीम के रहने के व्यवस्था होने के अलावा नदी के किनारे के ग्रामीणों को सतर्क रहने के साथ ही बाढ़ आने से पूर्व ऊंचे स्थान की तलाश चापाकल की व्यवस्था पशु चारा स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम दबा के साथ जगह-जगह रखने का निर्देश दिया । मौके पर एडीएम आपदा राजेश सिंह एसडीओ दिलीप कुमार अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी कल्याणपुर थाने के प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव के अलावा जिला से आए कई अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मन की बात कार्यक्रम सदैव राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच का प्रेरणा दायक : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर। अलीनगर मंडल के हरियठ स्थित मनहर गांव के बूथ संख्या 104 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 114वें संस्करण के तहत किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओ एवं उपस्थित ग्रामीणों के साथ देखा। इस दौरान उन्होंने दर्जन भर किसानों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाने का भी काम किए। कार्यक्रम को लेकर जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम सदैव राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच के साथ स्वयं की भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता के साथ सीधा जुड़ाव एवं उनके जन-जन के प्रति समर्पण को दर्शाता है। जिसमें जनता का भरपुर साथ मिल रहा हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के स्वच्छता मिशन अभियान के तहत उत्तरकाशी सीमावर्ती गांव ह्यझालाह्न का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसा कि वहां के नौजवानों ह्यधन्यवाद प्रकृति अभियानह्न को लेकर हर रोज दो घंटा गांव की सफाई में लगाते है। गलियों में बिखरे कूड़े को समेटकर, उसे गांव के बाहर तय स्थान पर डाला जाता है। इससे झाला गांव स्वच्छ हो रहा है और लोग जागरूक भी हो रहे हैं। अगर ऐसे ही हर गांव और मोहल्ले में ह्यधन्यवाद प्रकृति अभियानह्न शुरू किया जाए, तो कितना बड़ा परिवर्तन आ सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के अमेरिका यात्रा को लेकर कहा कि अमेरिकी सरकार ने भारत को करीब 300 प्राचीन कलाकृतियों को वापस लौटाया है। जैसा कि हाथी के दांत, लकड़ी, तांबा और कांसे जैसी चीजों से बनी हुई हैं। जो कई हजार साल पुरानी है। इससे भारत को पौराणिक चीजों पर भी पकड़ मजबूत होगी। इस मौके पर अलीनगर मंडल संयोजक लाल मुखिया, मोहन मुखिया, जगन मुखिया, पंकज सहनी, सहदेव मुखिया, लक्ष्मी देवी, मालती देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## झाड़ फूंक के नाम पर शोषण करने वाले को नेहरा थाना ने भेजा जेल

प्रात : किरण संवाददाता

मनीगाछी( दरभंगा )।झाड़ फूंक के नाम पर यौन शोषण कर विवाहिता युवती को गर्भवती करने वाले मौलाना आलमगीर को गिरफ्तार कर रविवार को नेहरा थानाध्यक्ष ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। विवाहिता युवती की ससुराल बहेड़ा थाना के एक गाव में है तथा उसकी मायके नेहरा थाना क्षेत्र में पड़ता है। जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि बाजितपुर थाना क्षेत्र के बेलाही गांव निवासी यह मौलाना नेहरा हाट चौक पर किराए के मकान में रहकर झाड़ फूंक के नाम पर ऐसे घिनौने काम किया करता था। बताया जाता है कि दो पूर्व पीड़ित महिला की शादी हुई थी।इस बीच इसे कोई भी संतान नहीं हुई तो इसकी चाहत में करीब 3 माह पूर्व पहली बार अपनी सास के साथ इस मौलाना के पास पहुंची। उसके संपर्क में आने के बाद धीरे-धीरे अकेले आने का सिलसिला जारी हुआ तो मौलाना ने अपने जाल में फंसाकर इसके साथ यौन संबंध बनाना शुरू किया।इस दौरान विवाहिता युवती गर्भवती हो गई। बताया जाता है कि युवती का पति विगत 6 माह से भी अधिक समय से दिल्ली में रहकर मजदूरी कर रहा है। उसके परोक्ष में युवती के गर्भवती होने पर उसके परिजनों ने जब इस संबंध में कड़ाई से पूछताछ की तो युवती ने सारी घटनाओं की जानकारी दी। विवाहिता युवती दो माह की गर्भवती है। इस घटना से क्षुब्ध युवती के ससुराल वालों ने जब उसे घर से बाहर निकालने का फैसला किया तो पीड़ित महिला ने नेहरा थाना में मो आलमगीर पर यौन शोषण का आरोप लगाकर आवेदन दिया। पीड़ित युवती के आवेदन पर नेहरा थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने मो आलमगीर को गिरफ्तार कर रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। घटना की पुष्टि करते हुए नेहरा थानाध्यक्ष राज किशोर राय ने बताया कि मौलाना आलमगीर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

सम्पादकीय

## पानी और पर्यावरण के लिए सदैव समर्पित रहे अनुपम मिश्र

हमारे देश में बात जब जल संकट की होती है तो अनुपम मिश्र सहज याद आ जाते हैं। उनका चिंतन आज भी प्रासंगिक है। अनुपम जी अपनी पीढ़ी के आखिरी ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने भारत को पर्यावरण की राजनीति समझाई। वही वो व्यक्ति थे, जो चिपको आंदोलन में गए और जब वापस आए तो एक हकीकत भरी कहानी उनके साथ लौटी। उन्होंने बताया कि चिपको आंदोलन सिर्फ पेड़ों तक सीमित नहीं था बल्कि लोगों के राजनीतिक पक्षपात से भी जुड़ा हुआ था। लोग पर्यावरण के लिए लड़ रहे थे क्योंकि यह उनके अस्तित्व की लड़ाई थी। उन्होंने पर्यावरण की विशुद्ध राजनीति को समझाया, यह भी समझाया कि इस देश में हाशिए पर खड़े गरीबों की राजनीति कौन सी है और आखिर उनका भुलाया हुआ और उपेक्षित किया जाने वाला ज्ञान कैसे विकास का हिस्सा बनेगा। अपने ढंग से उन्होंने लोक को समझने का प्रयास किया। गांधी शांति प्रतिष्ठान में साथ बिताए वर्षों के दौरान, अनुपम मिश्र चंडी प्रसाद भट्ट के नेतृत्व वाले चिपको आंदोलन से बहुत प्रभावित हुए। सत्येंद्र त्रिपाठी के साथ, उन्होंने चिपको आंदोलन लिखा, जो भारत और दुनिया भर के लोगों का ध्यान "पेड़ों को गले लगाने" के इस अनूठे आंदोलन की ओर आकर्षित करने में बहुत प्रभावशाली था। सामूहिक अहिंसक प्रतिरोध के इस प्रेरक और प्रभावी रूप में, महिलाओं और पुरुषों ने मांग की कि अगर कोई पेड़ काटा जाना है, तो उन्हें भी उसके साथ काटा जाना चाहिए। भारत में सदियों से अपनाई जा रही जल संरक्षण तकनीकों की जानकारी में उन्हें महारथ हासिल थी। उन्होंने देश-विदेश में बताया कि किस तरह भारत के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले लोग अपनी भौगोलिक स्थिति, संसाधनों की उपलब्धता और जरूरतों को समझते हुए जल संरक्षण के कारगर तरीके अपनाते थे। उनका कहना था कि आधुनिक जल परियोजनाएं इन पारंपरिक तरीकों के आगे फीकी और कम असरदार हैं। उनके निधन के बाद धीरे- धीरे लोगों ने उन्हें विस्मृत कर दिया। पर्यावरण के संदर्भ में वे देशज ज्ञान के वाहक थे। गांधी शांति प्रतिष्ठान जो उनकी कर्मभूमि थी, उनकी स्मृतियों को खत्म किया जा रहा है। वहीं झारखंड में गोदावरी फांउडेशन द्वारा अनुपम मिश्र को याद किए जाने के कई मायने हैं। वे ऐसे व्यक्ति थे जो बिना किसी नाम के, बिना आवाज के, बिना गाजे-बाजे के, बस अच्छे काम कर रहे थे। अनुपम जी व्यक्ति खोजते थे, उसे तराशते थे और उसके साथ काम करते थे। इनमें जल पुरूष राजेन्द्र सिंह के साथ साथ कई हस्तियों के नाम हैं। पर्यावरण संरक्षण आज के युग की बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। भारत में इसका असर विविध रूपों में देखने को मिल रहा है। देश में पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए तकरीबन 200 से भी अधिक कानून हैं, लेकिन लगभग सभी कानूनों का खुलेआम उल्लंघन होता है इसलिए भारत सर्वाधिक प्रदूषित देशों की सूची में आता है और पर्यावरण संरक्षण के लिए कोई कदम अभी तक प्रभावी सिद्ध नहीं हो पाए हैं। दूसरी ओर जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान बढ़ रहा है, सूखा और जंगली आग अधिक बार होने लगी है, वर्षा के पैटर्न बदल रहे हैं, ग्लेशियर और बर्फ पिघल रहे हैं और वैश्विक औसत समुद्र स्तर बढ़ रहा है। भारत में हाल ही में आई जानलेवा गर्मी और सूखे के लिए आंशिक रूप से जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया गया है। विश्लेषण से पता चलता है कि जलवायु परिवर्तन ने ऐसी घटना की संभावना को लगभग 30 गुना बढ़ा दिया है। इसके अलावा, अतिरिक्त वैश्विक तापमान वृद्धिके साथ इसी तरह की घटनाओं की संभावना बढ़ती रहेगी। अनुपम मिश्र को साल 1996 में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया था। जमना लाल बजाज पुरस्कार सहित कई अन्य पुरस्कार भी उनके नाम हैं। अनुपम के पिता भवानी प्रसाद मिश्र हिंदी के प्रख्यात कवि थे। जल संरक्षण के क्षेत्र में उन्होंने काफी योगदान दिया है। भारत के गांवों में घूम-घूमकर वह लोगों को पानी बचाने और जल का संरक्षण करने के पारंपरिक तरीकों के बारे में जागरूक करते थे। भारत के पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों की उनकी समझ को लेकर वह ना केवल भारत, बल्कि विदेशों में भी काफी मशहूर थे। उनकी पुस्तकें, खासकर "आज भी खरे हैं तालाब" तथा "राजस्थान की रजत बूंदें", पानी के विषय पर प्रकाशित पुस्तकों में मील के पत्थर के समान हैं, और आज भी इन पुस्तकों की विषयवस्तु से कई समाजसेवियों, वाटर हार्वेस्टिंग के इच्छुकों और जल तकनीकी के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को प्रेरणा और सहायता मिलती है। सबसे बड़ी खासियत है कि अनुपम जी ने खुद की लिखी इन पुस्तकों पर किसी प्रकार का "कॉपीराईट" अपने पास नहीं रखा है।

## बांग्लादेश में दुगार्पूजा पर संकट के बादल

बांग्लादेश में मजहबी कट्टरपंथी ताकतों का अराजकता भरा उन्माद सिर चढ़कर बोल रहा है इसी के चलते हजारों साल से चली आ रही दुर्गा पूजा भी उनकी आंखों में चुभ रही है। इस बार बांग्लादेश में शारदीय नवरात्रि पर होने वाली दुर्गा पूजा कट्टरपंथी लोगों के निशाने पर है। बांग्लादेश से प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्वासन के बाद वहां हिन्दू विरोधी कट्टरपंथी ताकतों द्वारा कदम कदम पर हिन्दुओं का सामाजिक, धार्मिक, सामुदायिक दमन किया जा रहा है। बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। राज्य में इस्लामी कट्टरपंथी समूहों ने हिंदूओ के कई मंदिरों और समितियों को धमकी भरे पत्र भेजे हैं। जिनमें 5 लाख बांग्लादेशी टका की मांग की गई है। इस पत्र में कहा गया है कि अगर ये रकम नहीं भेजी गई तो उन्हें पूजा नहीं करने दी जाएगी। हिंदू समुदाय के सदस्यों का कहना है कि दुर्गा जी की प्रतिमा को तोड़ने और जबरन वसूली के लिए उन्हें कई ऐसी ही धमकियां मिली है। इन धमकियों के चलते बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के आयोजन पर संकट के बादल छा गए हैं। बांग्लादेश में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है हालांकि अतीत में मुगल काल तक में भी मौजूदा बांग्लादेश में दुर्गा पूजा की जाती रही थी। दुर्गा पूजा का उत्साह केवल भारत में ही नहीं, बल्कि सारे विश्व में दिखाई देता है। हमारे पड़ोसी बांग्लादेश में भी माँ दुर्गा की पूजा बड़े आयोजन के रूप में होती है। सिर्फ हिंदू समुदाय के लोग ही यह त्यौहार नहीं मनाते, बल्कि लिबरल मुसलमान भी इसमें बड़ी संख्या में शामिल होते हैं। वहां यह अब एक सार्वभौमिक त्यौहार है। यह जानना कम सुखद नहीं है कि 2022 में बांग्लादेश में 32, 168 दुर्गा पंडाल लगाए गए थे। अकेले ढाका में पूजा पंडालों की संख्या 241 थी। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में स्थित ढाकेश्वरी मंदिर इस बात का प्रमाण है कि इस क्षेत्र में माँ दुर्गा की उपासना सदियों से होती चली आ रही है। माना जाता है कि ढाकेश्वरी मंदिर की स्थापना 12वीं शताब्दी में बल्लाल सेन नाम के एक हिंदू राजा ने की थी। बल्लाल सेन को माँ दुर्गा ने सपने में आकर कहा था कि उनकी प्रतिमा पास के जंगल के एक विशेष स्थान पर दबी हुई है, वह उस प्रतिमा को वहां से लेकर मंदिर में स्थापित करें। ढाकेश्वरी माँ के नाम पर ही बांग्लादेश की राजधानी का नाम ढाका पड़ा, ऐसी मान्यता है। तभी से ढाका में माँ दुर्गा की यह पारंपरिक पूजा होती आ रही है। बांग्लादेश में ढाकेश्वरी मंदिर के अलावा सिद्धेश्वरी मंदिर, रमना काली मंदिर और रामकृष्ण मिशन मंदिर भी दुर्गा और काली पूजा के लिए विश्वविख्यात है। सिलहट जिले के पंचगांव की दुगार्पूजा लगभग 300 साल पुरानी है। यह पूरे उपमहाद्वीप में एकमात्र लाल रंग की दुर्गा है। सच कहे तो आज जिस रूप में हम दुर्गा पूजा का आयोजन करते हैं, उसकी शुरूआत बंगाल से हुई। आज भी धूमधाम और भव्यता में बंगाल की दुगार्पूजा का कोई मुकाबला नहीं है। भारत विभाजन से पहले बांग्लादेश बंगाल का ही हिस्सा था, दोनों की संस्कृति भी एक ही थी। पहले बंगाल का एक भाग पूर्वी पकिस्तान के रूप में पाकिस्तान का हिस्सा बना और फिर 1971 में स्वतंत्र देश बन गया। इधर के कुछ वर्षों में बांग्लादेश में भी इस्लामिक कट्टरपंथी सर उठाने लगे हैं। दुर्गा पूजा के पिछले कुछ आयोजनों में विघ्न डालने के प्रयास किए गए। पिछले साल तो किसी कट्टरपंथी ने पंडाल में कुरान की प्रति रख दी और अफवाहें फैला दीं। कई जगह पंडाल में तोड़ फोड़ भी की गई। अब प्रधानमंत्री शेख हसीना के निर्वासन के बाद कट्टरपंथी ताकतों ने बड़े पैमाने पर हिन्दुओं के साथ हिंसा और आगजनी, महिलाओं खासकर नाबालिग लड़कियों के साथ दरिंदगी, पूजा स्थलों पर तोडफोड़ और मूर्ति भंजन की वारदातों को अंजाम दिया है। हाल ही में कट्टरपंथी तत्वों ने एक पत्र भेज कर खुली अवैध वसूली और धमकी देने का एलान किया है। इन तत्वों ने चेतावनी दी है कि "अगर आप दुर्गा पूजा मनाना चाहते हैं, तो हर मंदिर समिति को 5 लाख टका दान देना होगा। अगर आप इसका पालन नहीं करते हैं, तो आप उत्सव नहीं मना पाएंगे। हम जो जगह बताएंगे, वहां एक हफ़्ते के अंदर पैसे जमा कर दें।

# वीभत्य दृश्यों के साथ गूंजती विश्व युध्द टंकार

गैरमुस्लिम नेता अपनी धर्मनिरपेक्षता की छवि दिखाने के चक्कर में अपनों का ही खून बहाने का धरातल तैयार करने में लगे हैं। उन्होंने यह मुगालता पाल रखा है कि ऐसा करने पर गैरमुस्लिम वोट उनके खाते में एक मुस्त आ जायेगा, जबकि हकीकत में ऐसा नहीं हो रहा है। अतीत को भूलने वाले लोग आज अपने बाप-दादाओं के खून से सने हाथों पर ही पुष्पहार रख रहे हैं। गहराई से देखा जाये तो देश-दुनिया के हालात बारूदी ज्वालामुखी के बस एक कदम की दूरी पर है। ऐसे में वीभत्य दृश्यों के साथ गूंजती विश्व युध्द की टंकार को यदि समय रहते शान्त नहीं किया गया तो निकट भविष्य में कट्टरता के साथ विश्व संग्राम सुनिश्चित है। इस बार बस इतनी ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ पुनः मुलाकात होगी।





**डॉ. रवीन्द्र अरजरिया**
**लेखक, वरिष्ठ पत्रकार**

तृतीय विश्व युध्द के दरवाजे पर दस्तक हो चुकी है। विशेष सम्प्रदाय का राज्य, वर्चस्व की स्थापना और सीमाओं के विस्तार को लेकर जंग का माहौल बन चुका है। आतंकी गिरोहों को तैयार करके सम्प्रदायिकता का परचम फहराने वाले राष्ट्रों अपने मंसूबे जाहिर कर दिये हैं। उन्होंने हमास के कन्धे पर हाथ रखकर निरीह लोगों को मौत के घाट उतारा, अबलाओं की अस्मिता लूटी और आम आवाम का अपहरण किया। भयाक्रान्त करके अपनी शर्तें मनवाने के लिए किया गया यह दुष्कृत्य उसके ही गले की फांसी बन गया। प्रतिशोध की ज्वाला ने गाजा को जलाना शुरू कर दिया। हमास ने अपने गैरमानवीयता वाले षडयंत्र पर मानवता की दुहाई देना शुरू कर दी। मासूमों के मदरसों, यतीमों के यतीमखानों, बीमारों के अस्पतालों, इबादत वाली मस्जिदों जैसे संवेदनशील जगहों के नीचे हमास की सुरंगें बदस्तूर इजराइल पर जबाबी कार्यवाही करके जुल्म का रोना रोता रहा। फिलिस्तीन के लोगों ने अपने मासूमों को लाशों में बदलना कुबूल किया परन्तु हमास के जल्लादों को बेनकाब नहीं किया। खण्डहर होती इमारतों में तडफते लोगों का मंजर किसी वीभत्स दृश्य की करुण कहानी कहते रहे मगर कट्टरता का पाठ सांसों की कीमत पर ही रटाया जाता रहा। हमास के पास इतना पैसा कहां से आया कि वह हजारों किलोमीटर लम्बी सुरक्षित और आधुनिक संसाधनों से युक्त सुरंगें बना सका। मिसाइलों, गोलों, राकेट लांचरों, मशीनगनों जैसे अत्याधुनिक हथियारों की खरीद हेतु धनराशि के अलावा अवैध डील करने के सम्पर्क कहां से आये। अन्तर्राष्ट्रीयस्तर पर पहचान बनाने की नवीनतम तकनीक कहां से आई। इन जैसे सभी सवालों का एक ही जबाब है कि साम्प्रदायिक एकता के नारे तले कट्टरता का बुलंद होता इकबाल। यह सब एक ही दिन में नहीं हुआ। जनसंख्या के विस्तार के साथ ही समूची दुनिया पर कब्जा करने की नियत ने भी विकास पाया। आवश्यकता से अधिक की आय ने खुराफाती जुमले इजाद करना शुरू कर दिये। कहीं तेल की इफरात कमाई तो कहीं फितरा का हिस्सा। कहीं जकात का पैसा तो कहीं मजहबी मजलिसों के नाम पर बक्शीस। कट्टरता के नाम पर लोगों के दिमाग में जिस्म के बाद की दुनिया का तिलिस्म पैदा किया गया। इंसानियत का ब्रेनवाश करने के बाद उन जुनूनी जमातों को जेहाद की जमीन पर जंग के लिए उतार दिया गया। धीरे-धीरे इस जहर को खून में शामिल करने के बाद जगह-जगह इनके अड्डे बनाये गये जहां से दुनिया को अपनी जद में लिया जा सके। हमास की जेहादी सोच पर जब इजराइल ने हमला किया तो हिजबुल्लाह ने चौधरी बनकर धमकाना शुरू किया। जब हिजबुल्लाह के अड्डे नस्तनाबूत होने लगे तो हूती ने हमलों की कमान सम्हाली। हमास, हिजबुल्लाह और हूती के बाद दुनिया के नौ आंतकी संगठन अब अपनी बारी के लिए अंधेरी कोठरी में दुबके बैठे आकाओं की ओर देख रहे हैं। वहां से हरी झंडी मिलते ही एक-एक करके वे इस जंग में कूद जायेंगे। लेबनान के बाद ईरान, ईराक, कतर, यमन, सीरिया, तुर्की, पाकिस्तान, बंगलादेश और अफगानस्तान के लडाके अपनी जेहादी तैयारियों में जुट गये हैं। आतंकी संगठनों के नाम पर अनेक देशों की सेना के जवान, सिक्यूरिटी कमाण्डो, सुरक्षाबल के सैनिक भी वर्दी उतार कर दुनिया फतह करने निकल पडेंगे। ऐसे में वे देश भी नहीं बचेंगे जिन्होंने अपने लाभ के लिए जल्लादों के हाथों में अस्तुरे बेचे हैं।

गवाही है कि अमेरिका के पैदा किये आतंकियों ने उसे भी नहीं बक्सा था। हथियारों के सौदागरों ने अपने खूनी कारोबारों को चमकाने के लिए निरीह लोगों को निशाना बनाने वालों की पर्दे के पीछे से मदद की है। उनका मानना था कि वे इन जालिमों का उपयोग करके पैसा भी कमायेंगे और अपने दुश्मनों को नस्तनाबूत करने में भी सफल हो जायेंगे। प्रतियोत्तर में दुश्मनों ने भी उनके लिए ऐसे ही बंदोबस्त पहले से ही कर रखे थे। चीन, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा जैसे देशों ने हमेशा से ही फूट डालो, राज करो की नीति अपनाई है। मानवता, करुणा, सहयोग, सौहार्य जैसी भावनायें इनकी सोच में कभी नहीं रहीं। वर्तमान में यदि देखा जाये तो इजराइल अकेला ही कट्टरता की जमातों से टकरा रहा है। बाकी देश यह सोच रहे हैं कि पडोसी के यहां संकट हैं, हमें क्या फर्क पडता है। ईमानदाराना बात तो यह है कि जो समस्या आज प्रत्यक्ष में इजराइल झेल रहा है, वही समस्या अपने मुल्कों के अन्दर अधिकांश गैरइस्लामिक देश भी झेल रहे हैं। ज्यादातर तो गृह युध्द के साथ-साथ पडोसियों के साथ होने वाली जंग की कगार पर पहुंच चुके हैं। बंगलादेश जैसे राष्ट्र तो वर्तमान का उदाहरण बनकर खडा है जहां षडयंत्रकारियों ने उस भू भाग को स्वतंत्र पहचान दिलाने वाले व्यक्ति तक को वहीं के मीरजाफरों से ही मिटवा दिया। गुलामी से आजादी दिलाने वाले की मूर्ति को गुलाम बनाने वालों के इशारे पर तोड दिया गया। अन्य देशों में भी ऐसी जमातें आंतरिक हालातों को तौल रहीं है। वजन बढते ही, वहां भी डंडे के नीचे झंडे कुचलते देर नहीं लगेगी। सरकारी तंत्रों पर कब्जा करने की पहल तो अनेक देशों में लम्बे समय ही शुरू हो चुकी थी। वर्तमान में यदि अपने देश के हालातों को ही ले लें तो विधायिका पर कार्यपालिका हावी हो चुकी है। न्यायापालिका भी कार्यपालिका की बैसाखी पर खडी है। कार्यपालिका का अपना अलग ही रवैया है। किस कानून को किस तरह से लागू करना है, लागू करना है भी या नहीं। यह बात अनेक घटनाओं से अनेक बार प्रमाणित हो चुकी है। नियम-कानूनों का चाबुक केवल और केवल निरीह लोगों या उसे सम्मान देने वालों पर चलता है। कानून तोडने वाले अतिक्रमण से लेकर मनमाने कृत्यों तक को खुलेआम सम्पन्न कर रहे हैं। कानून के रखवालों की आंखों के नीचे ही कानून की रोज धज्जियां उड रहीं हैं। सरकारी मुलाजिम-भाई भाई, का नारा बुलंद होकर संविधान की अनेक अघोषित धारायों दलालों के माध्यम से व्यवहारिक रूप में लागू हो चुकीं हैं। दूसरी ओर एक समुदाय विशेष ने सामाजिक व्यवस्था को जनसंख्या और क्रूरता के बल पर अपहरित कर लिया गया है। राजनैतिक गलियारों में वोट बैंक बढाने के लालच में देश की अस्मिता तक का सौदा होने लगा है।

# हरियाणा : सत्ता विरोधी लहर के साथ भीतरी कलह से भी जूझती भाजपा

इसके अतिरिक्त अनिल विज अपना समय हाई कमान या दूसरे वरिष्ठ पार्टी नेताओं को खुश करने में व्यर्थ गंवाने के बजाये आम जनता से मिलने व उनकी समस्याओं को सुनने व सुलझाने में व्यतीत करना ज्यादा पसंद करते हैं। यही वजह है कि भाजपा छोड़ने के बाद स्वतंत्र प्रत्याशी के रूप में लड़ने पर भी उन्होंने चुनाव में इसी अंबाला छावनी से जीत हासिल की है। जबकि मोदी-शाह की ओर से सत्ता मिलने पर तीसरी कार्यकाल में पुनः जिन नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने की बात की जा रही है उन्हें इस बार अपनी नारायणगढ़ विधानसभा सीट असुरक्षित महसूस हुई तभी उन्हें लाडवा चुनाव क्षेत्र का रुख करना पड़ा। इसलिये कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा राज्य में सत्ता विरोधी लहर के साथ साथ भीतरी कलह से भी जूझ रही है।






**तनवीर जाफरी**
**लेखक**

5 अक्टूबर को होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिये विभिन्न राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान अपने चरम पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के अतिरिक्त भाजपा के और भी कई स्टार प्रचारक जहाँ अपनी पूरी ताकत झोंके हुये हैं वहीँ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी व पार्टी के अन्य कई केंद्रीय नेता भी कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभायें व रैलियां कर रहे हैं। दस वर्षों बाद सत्ता में वापसी की पूरी आस लगाये बैठी कांग्रेस को पिछले दिनों पार्टी की भीतरी कलह के बीच उस समय एक संजीवनी मिली जबकि राहुल गाँधी हरियाणा के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और वीरेंद्र सिंह को एक साथ एक मंच पर लाने व पार्टी में एकजुटता का सन्देश देने में सफल रहे। ऐसे में कांग्रेस को जहाँ भाजपा के दस वर्षों के शासनकाल में उपजी सत्ता विरोधी लहर का फायदा मिलने की संभावना है वहीँ उम्मीद है कि पार्टी में गुटबाजी के बावजूद नेताओं की एकजुटता का सन्देश भी कार्यकताओं को उत्साहित करेगा। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी की ओर से पिछले दिनों चुनाव प्रचार के दौरान ही कई ऐसे संकेत मिले जो पार्टी नेताओं के मतभेदों को स्पष्ट रूप से उजागर करने वाले हैं। उदाहरण के तौर पर गत 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र की एक जनसभा में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जमकर तारीफ की। मोदी ने कहा कि "हमारे मुख्यमंत्री 24 घंटे हरियाणा के विकास के लिए समर्पित हैं। हरियाणा का जो भी व्यक्ति मिलेगा वह कहता है कि हमारे मुख्यमंत्री विनम्रता के संबंध में हमारे हरियाणा का गौरव बढ़ाते हैं। उनका व्यक्तित्व सहज है व उनमें बहुत सहजता है। भाजपा के कार्यकर्ता के नाते मुझे हरियाणा में बहुत वर्षों तक काम करने का अवसर मिला है। जब मुख्यमंत्री की तारीफ करता हूं तो मन गर्व से भर जाता है। इनका विजन और इनकी लग्न बड़े बड़ों से भी बेहतर है। इसी रैली के अगले ही दिन अम्बाला छावनी से छः बार विधायक रहे राज्य के पूर्व गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये कहा है कि, "आज तक मैंने अपनी पार्टी से कुछ नहीं मांगा। मैं छह बार का विधायक हूं। और अपनी वरिष्ठता की वजह से मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पेश करता हूं। उन्होंने कहा कि फैसला आलाकमान को करना है।

उन्होंने कहा कि यदि मुझे इस बार मुख्यमंत्री बना दिया तो मैं हरियाणा की तकदीर बदल दूंगा, तस्वीर बदल दूंगा। "विज का यह भी दावा है कि उन्होंने अपने छः बार के विधायकी के कार्यकाल में अंबाला छावनी के विकास के लिये जितने काम किये हैं उतने देश के किसी भी विधान सभा क्षेत्र में नहीं किये गये। दरअसल पार्टी का सबसे वरिष्ठ विधायक होने के नाते 2014 में ही राज्य के लोग अनिल विज को मुख्यमंत्री पद के सबसे मजबूत दावेदार के रूप में देख रहे थे। परन्तु उन्हें नजरअंदाज कर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आर एस एस के मित्र व सहयोगी मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बना दिया। जबकि उस समय तक प्रदेश में खट्टर को कोई जानता भी नहीं था। इसके बाद 2019 में भी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद हेतु पुनः खट्टर को ही चुना। वर्तमान चुनाव में खट्टर को मोदी-शाह का करीबी होने के नाते केंद्रीय मंत्री तो जरूर बना दिया गया है परन्तु हरियाणा में जिसतरह खट्टर का विरोध हो रहा है उसकी वजह से प्रधानमंत्री की चुनाव सभा सहित कई प्रमुख जनसभाओं से उन्हें दूर भी रखा जा रहा है। क्योंकि किसान आंदोलन के समय खटटर ने मुख्यमंत्री रहते किसानों के विरुद्ध कई ऐसे हिंसा भड़काने वाले बयान दिये थे जोकि किसी मुख्यमंत्री पर शोभा नहीं देते। बहरहाल, बाद में 2024 के लोकसभा चुनावों से ठीक पहले मुख्यमंत्री पद से खट्टर का इस्तीफा लेकर उनके लोकसभा चुनाव लड़ने का रास्ता प्रशस्त किया गया। और इसबार भी अनिल विज को मुख्यमंत्री बनाने के बजाये खट्टर के ही करीबी नायब सिंह सैनी को हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवा दी गयी। उस समय भी अनिल विज की नाराजगी सामने आई थी। और मुख्यमंत्री सैनी स्वयं उनकी नाराजगी दूर करने अनिल विज के निवास अंबाला छावनी आये थे। परन्तु वर्तमान चुनाव प्रचार के बीच एक ओर अनिल विज का मुख्यमंत्री पद के लिये दावेदारी ठोकना और साथ ही उसके जवाब में मोदी व अमित शाह जैसे भाजपा के वरिष्ठतम नेताओं द्वारा तीसरी बार सरकार बनने की स्थिति में नायब सिंह सैनी को ही बार बार हरियाणा के मुख्यमंत्री पद का दावेदार बताना इस बात का सुबूत है कि पार्टी के भीतर सब ठीक ठाक नहीं है। पार्टी के इन्हीं मतभेदों को उस समय और बल मिला जबकि अम्बाला जिले के अंतर्गत मुलाना विधानसभा क्षेत्र के बराड़ा कस्बे में गत 27 सितम्बर को गृह मंत्री अमित शाह की एक रैली हुई। इस रैली में मुलाना की भाजपा प्रत्याशी संतोष सारवान, अंबाला शहर के असीम गोयल तथा नारायणगढ़ के पवन सैनी तो मंच पर मौजूद रहे। उपस्थित लोगों से इन तीनों प्रत्याशियों का परिचय कराकर अमित शाह ने इनके लिये वोट भी मांगे। परन्तु अंबाला छावनी के प्रत्याशी अनिल विज यहाँ भी नदारद रहे। अम्बाला छावनी के करीब ही अमित शाह की सभा में अनिल विज की गैर हाजिरी कोई मामूली बात नहीं। माना जा रहा है कि अनिल विज, मोदी शाह की नजरों में तभी खटकने लगे थे जब दो वर्ष पूर्व फरीदाबाद के सूरजकुंड में विभिन्न राज्यों के गृह मंत्रियों के 2 दिवसीय चिंतन शिविर में जब हरियाणा के गृह मंत्री के रुप में अपनी उपलब्धियों का बयान कर रहे थे। अभी विज ने अपनी बात पूरी भी नहीं की थी तभी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जोकि इस बैठक की अध्यक्षता भी कर रहे थे, ने विज को अपनी बात समाप्त करने के लिये कई बार बीच में ही टोका। परन्तु विज उनके बार बार टोकने के बावजूद अपनी बात पूरी करके ही रुके।

# उथले जलभृतों का पुनर्भरण : भारत के शहरी जल संकट के समाधान का भाग ?

**एस. विश्वनाथ और इशलीन कौर**

भारत में, भूजल शहरों में जल की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपेक्षाकृत कम गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत सदियों से जल के महत्वपूर्ण स्रोत रहे हैं। ऐसे समय में जब लंबी दूरी तक पानी पहुंचाना कल्पना से परे था, तब समुदायों ने अपनी पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिए उथले जलभृतों का रुख किया। सुगम्य गहराई पर पाए जाने वाले ये जलभृत बढ़ती आबादी को किफायती और भरोसेमंद जल आपूर्ति प्रदान किया करते हैं। आज भी मौजूद ये कुएं और बावड़ियां, उस दौर की याद की दिलाते हैं, जब उथले जलभृतों का पुनर्भरण करने के लिए वर्षा जल का उपयोग करके पानी की किल्लत दूर की जाती थी। यद्यपि जैसे-जैसे आधुनिक शहरों का विकास होता गया, वैसे-वैसे इस परिदृश्य में सर्वत्र मौजूद रहने वाले ये साधारण से कुएं गायब होने लगे। अब इन कुओं की जगह काफी हद तक गहरे बोरवेल ले चुके हैं, जो खतरनाक गहराई पर भूजल भंडार का दोहन करते हैं। भारत, दुनिया में भूजल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है जो अमेरिका और चीन में होने वाली जल की कुल खपत से भी अधिक मात्रा में जल का उपभोग करता है।

विशेष रूप से, शहरी क्षेत्रों में, अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भूजल पर निर्भरता निरंतर बढ़ती जा रही है, जिसके कारण उथले जलभृतों में काफी कमी आई है, और बहुत लंबे समय तक, शहरी नियोजन में भूजल प्रबंधन को दरकिनार किया जाता रहा है। यद्यपि हाल ही में अप्रत्याशित वर्षा, अचानक बाढ़ और शहरी जल संकट-जैसी जलवायु चुनौतियों ने भूजल प्रबंधन के प्रति फिर से दिलचस्पी उत्पन्न की है।

समाधान के तौर पर, वर्षा जल संचयन और शहरी जल निकायों के पुनर्भरण की परियोजनाएं उत्तरोत्तर रूप से इन प्राकृतिक भूमिगत जलाशयों का रुख कर रही हैं। अब अतिरिक्त वर्षा जल को संग्रहित करने और बाढ़ में कमी लाने की क्षमता के लिए जलभृतों का अध्ययन किया जा रहा है। वर्ष 2021 में अमृत 2.0 की शुरूआत ने जल प्रबंधन में आमूल-चूल बदलाव किया, जिसमें आखिरकार भूजल को "शहरी" स्तर पर प्राथमिकता दी गई। मिशन ने न केवल भूजल पर निर्भर रहने बल्कि सक्रिय रूप से इसका प्रबंधन और संरक्षण करने की शहरों की आवश्यकता को पहचाना। इस मिशन के अंतर्गत, वर्ष 2022 में 10 शहरों में उथला जलभृत प्रबंधन (एसएएम) प्रायोगिक परियोजना शुरू की गई थी। इस कदम का उद्देश्य शहर के अधिकारियों और समुदायों के बीच उथले जलभृतों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना और भूजल की कमी, प्रदूषण और शहरी बाढ़ जैसी महत्वपूर्ण समस्याओं से निपटने के लिए प्रभावी पुनर्भरण संरचनाओं को प्रदर्शित करना था। इसके तहत एक ऐसा वातावरण तैयार करने का प्रयास किया गया, जहां शहर उथले जलभृत प्रबंधन को व्यापक जल रणनीतियों में एकीकृत कर सकें। इसका उद्देश्य सरल और वैज्ञानिक रूप से सही पुनर्भरण विधियों पर जोर देकर, उन तरीकों को पुनर्जीवित करना था जिनकी आधुनिक बुनियादी ढांचे की जद्दोजहद में अनदेखी की जाती रही थी। इस परियोजना ने प्रभावी उथले जलभृत प्रबंधन के संबंध में शहरों को महत्वपूर्ण समझ प्रदान की है। इस पहल ने स्थानीय जलभृत स्थितियों के अनुरूप पुनर्भरण संरचनाओं के लिए 12 विशिष्ट दृष्टिकोणों और डिजाइनों को तैयार करने का मार्ग प्रशस्त किया है। इनमें धनबाद, हैदराबाद और बेंगलुरु में मौजूदा कुओं और बावड़ियों के पुनर्भरण से लेकर पुणे में उच्च पुनर्भरण क्षमता वाले क्षेत्रों का जलग्रहण उपचार तक शामिल है।

ग्वालियर और राजकोट जैसे शहरों ने जलभृत प्रणालियों और भूजल गहराई का विस्तृत मानचित्रण किया है और शहर के स्तर पर पुनर्भरण संरचनाओं की एक सूची तैयार की है, जिससे भूजल प्रबंधन के लिए सुविचारित निर्णय लेने सुगम होता है। इस परियोजना ने स्थानीय समुदायों की जल संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इन पुनर्भरण संरचनाओं के सतत उपयोग को प्रदर्शित करने की दिशा में भी आशाजनक परिणाम दर्शाए हैं। बेंगलुरु के कांतीरवा नगर में, परियोजना के तहत बनाया गया पुनःसंयोजित किया गया एक कुआं अब लगभग 500 घरों को पानी की आपूर्ति कर रहा है, जिसमें से गैर-पेय उपयोग के लिए प्रतिदिन एक लाख लीटर पानी निकाला जा रहा है। इसी तरह, ठाणे के येऊर गांव में जनजातीय समुदाय के लोग गाद निकाले गए और पुनःसंयोजित किए गए कुओं से प्राप्त पानी से लाभान्वित हो रहे हैं। धनबाद और राजकोट में, जहां के शहरी क्षेत्र उथले कुओं पर बहुत अधिक निर्भर हैं, वहां इस पहल ने अपने पायलट चरण से आगे बढ़ना शुरू कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डेज़ी शाह, कनिका, हेली, टीना के साथ अन्य सितारे हंगामा डिजिटल मीडिया की सक्सेस पार्टी में हुए शामिल



**मुंबई, एजेंसी।** सबसे लोकप्रिय डिजिटल एंटरटेन्मेंट कंपनियों में शुमार हंगामा डिजिटल मीडिया ने एक शानदार पार्टी में अपनी स्ट्रीमिंग सेवा 'हंगामा ओटीटी' की सफलता का जश्न मनाया। इस पार्टी में डेज़ी शाह, कनिका मान, हेली शाह, टीना दत्ता, न्यारा बनर्जी, अली गोनी, युक्ति कपूर, क्रिस्नन बैरेटो, रोहन मेहरा, करण शर्मा, आभास मेहता, मोनालिसा, शिल्पा तुलस्कर, हिमांशु मल्होत्रा, शालीन, रोहित खंडेलवाल, सनम जौहर और अबीगैल के साथ एंटरटेन्मेंट जगत की कई हस्तियां शामिल हुई। 25 सितंबर की शाम को हुई इस पार्टी में आने वाले हफ्तों में रिलीज की जाने वाले रोमांचक वेब सीरीज के नाम भी सामने आए। हंगामा ओटीटी कई तरह के ऑरिजनल शो, फिल्म और म्यूजिक के जरिए अपने दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और उन तक बढ़िया कॉन्टेंट पहुंचा रहा है। आने वाले समय में इस प्लैटफ़ॉर्म पर दिखाया जाने वाला कॉन्टेंट भी इस कोशिश को आगे बढ़ाता नजर आएगा। आने वाले समय में दर्शकों को कई विषयों पर रोचक कॉन्टेंट देखने को मिलेगा। यह प्लैटफ़ॉर्म हर तरह के दर्शकों की रुचि से मेल खाता हुआ अलग-अलग तरह का कॉन्टेंट ला रहा है। इस कॉन्टेंट में जहां रोमांचक ड्रामा है तो दिल को गुदगुदाने वाली कॉमेडी भी है और इन दोनों के अलावा भी अलग-अलग तरह के विषय पर आधारित शो देखने को मिलेंगे। इस प्लैटफ़ॉर्म पर आने वाले जिन शो का दर्शकों को बड़ी बेसब्री से इंतजार है उनमें सस्पेंस से भरा ड्रामा 'रेड रूम' है जिसमें रहस्य और साज़िश से बुना गया ताना-बाना है। 'पर्सनल ट्रैनर' फिटनेस की थीम के इर्द-गिर्द बुना गया है और इसमें कॉमेडी का तड़का है। 'चेकमेट' एक क्राइम थ्रिलर है जिसमें एक चौंकाने वाला अंत दर्शकों का इंतजार कर रहा है। 'मोना की मनोहर कहानियां' दिल को छूने वाली ऐसी कहानियों का गुलदस्ता है जो आम लोगों की ज़िंदगी से निकली हैं। इनके अलावा, अब तक आए सीजन की शानदार सफलता के बाद 'हसरतें-2' और रात्रि के यात्री-3' और ऐंथोलॉजी आधारित सबसे लोकप्रिय शो 'खदान' भी आ रहा है जिसमें कोयला खदान वाले गांव पर केंद्रित एक रहस्यमी कहानी दर्शकों का मनोरंजन करेगी। 'पिरामिड' शो को क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज के बैकग्राउन्ड के साथ तैयार किया गया है।

### वाईएसआरसीपी नेताओं ने किया क्षमायाचना अनुष्ठान, समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने की विशेष पूजा

**अमरावती , एजेंसी।** वाईएसआरसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को 'क्षमायाचना' अनुष्ठान किया। उन्होंने कहा कि इसके जरिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की ओर से किए गए 'पाप' का प्रायश्चित किया गया, जिन्होंने तिरुपति लड्डुओं की पवित्रता पर सवाल उठाए थे। नायडू ने हाल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विधायक दल की बैठक में गंभीर आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने में घटिया सामग्री व पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। देशभर में जनाक्रोश भड़क गया। इस जनाक्रोश के बाद वाईएसआरसीपी के प्रमुख वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू लड्डुओं के बारे में सरासर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई अपवित्रता नहीं हुई, क्योंकि जांच के लिए भेजे गए घी के नमूने राजग शासन के दौरान के लिए गए थे। रेड्डी ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से नायडू की ओर से आरोप लगाकर किए गए 'पाप' को धोने के लिए प्रायश्चित करने का आह्वान किया। इसी तरह पूर्व सिंचाई मंत्री अंबाती रामबाबू ने गुंटूर में वेंकेटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। वाईएसआरसीपी नेता एम शर्मिला रेड्डी ने स्थानीय समाचार चैनल से कहा, 'नायडू ने भगवान को भी राजनीति में घसीटा और एक ऐसी घटना पर बड़ा हंगामा खड़ा कर दिया जो कभी हुई ही नहीं। मैं एक बात पूछ रही हूं।

# जल्द होंगे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव, त्योहारों का रखा जाएगा ध्यानः मुख्य चुनाव आयुक्त

**मुंबई, एजेंसी।**
झमहाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तारीख को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपनी बात रखी। मीडिया कर्मियों के साथ बात करते हुए राजीव कुमार ने कहा कि राजनीतिक दलों ने भी चुनाव आयोग से दिवाली जैसे त्योहारों को ध्यान में रखकर विधानसभा चुनावों की घोषणा करने को कहा है। वह इस समय आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए राज्य के दौरे पर हैं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि हमनें यहां पर राष्ट्रीय,क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं से मुलाकात की है। इसके अलावा पुलिस और अन्य लोगों से भी मुलाकात की। इन सभी ने हमसे चुनावों की घोषणा करने के पहले दीपावली, छठ पूजा और देव जैसे त्योहारों के समय पर भी विचार करने के लिए कहा। हम इन बातों का ख्याल रखेंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है इसलिए हमें भी उस समय से पहले चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करना होगा। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटें हैं। विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को खत्म हो रहा है। इसलिए चुनावी प्रक्रिया को इस समय से पहले पूरा करना होगा। महाराष्ट्र में कुल मतदाता करीब 9.56 करोड़ हैं। इस बार पहली बार वोट देने के काबिल हुए युवा मतदाताओं की संख्या 19.48 लाख है। विधानसभा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मुंबई पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ने अपने दोनों साथी अधिकारियों के साथ महाराष्ट्र के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। महाराष्ट्र के पिछले विधानसभा चुनाव से इस बार परिस्थितियां काफी बदली हुई हैं। पिछली बार हुए विधानसभा चुनाव में दोनों बड़ी क्षेत्रीय पार्टियों में टूट नहीं हुई थी। साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली भाजपा और शिवसेना में चुनावों के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर लड़ाई हो गई, जिससे दोनों के रास्ते अलग हो गए। शरद पवार की एनसीपी और कांग्रेस के साथ मिलकर उद्धव ठाकरे राज्य के मुख्यमंत्री बन गए। इसी बीच में एक हलचल तब और बढ़ी जब एनसीपी के अजीत पवार पार्टी तोड़कर भाजपा के साथ आ गए और गठबंधन सरकार बना ली, लेकिन इसकी उम्र ज्यादा नहीं रही और फड़नवीस को इस्तीफा देना पड़ा बाद में एनसीपी के सहयोग से उद्धव मुख्यमंत्री बने। उद्धव के मुख्यमंत्री बनते ही कुछ समय तक सब ठीक रहा लेकिन बाद में शिवसेना में ही फूट पड़ गई। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के विधायक भाजपा के साथ आ गए। उद्धव के हाथ से सरकार के साथ-साथ पार्टी भी चली गई। एकनाथ शिंदे ने भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली और मुख्यमंत्री बन गए। कुछ ही महीनों बाद अजीत पवार भी एनसीपी तोड़कर इसी गठबंधन का हिस्सा हो गए और एक बार फिर से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बन गए। आगामी लोकसभा चुनाव में अब लड़ाई महाविकास अघाड़ी और महायुति गठबंधन के बीच में है।




### गाजियाबाद में पिता ने बेटे को बेलन से पीट-पीटकर मार डाला, आक्रोशित भीड़ का हंगामा

**गाजियाबाद एजेंसी।** भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव त्योढ़ी 13 बिस्वा में शनिवार सुबह सौतेली मां ने दस साल के बच्चे पर पांच सौ रुपए चोरी करने का आरोप लगा दिया। इसके बाद पिता ने बेलन से पीट पीटकर अपने बेटे को मौत के घाट उतारा दिया। सख्त कार्रवाई करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हंगामा भी किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी पिता व सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया है। गांव त्योढ़ी 13 बिस्वा निवासी नौशाद अपनी पत्नी रजिया, तीन साल की बेटी आयशा व दस साल के बेटे अहद के साथ रहते है। नौशाद की पहली शादी जीनत के साथ हुई थी। नौशाद से जीनत का बेटा अहद था। पांच साल पहले दोनों के बीच तलाक हो गया। बेटा अहद नौशाद के पास रह गया। तीन साल पहले नौशाद ने रजिया के साथ दूसरी शादी की थी। बहन की बेटी अजीबा भी नौशाद के साथ रहती है। मृतक की दादी शाहजहां ने बताया कि सौतेला बेटा होने के कारण रजिया अहद के साथ आए दिन बुरा व्यवहार करती थी। अहद के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी और उसे समय पर खाना भी नहीं दिया जाता था। नौशाद सीवर लाइन डालने का काम करता था। वह काम के लिए अक्सर बाहर जाता रहता है। नौशाद शनिवार सुबह साढे आठ बजे के आसपास अपने घर पहुंचा। इसी बीच रजिया ने नौशाद से कहा कि अहद ने पांच सौ रुपए चोरी कर लिए है। जब तक इसकी सही तरीके पिटाई नहीं करोगे तब तक इसकी अक्ल ठिकाने नहीं आएगी। बताया जा रहा है कि इसके बाद नौशाद और रजिया अहद को कमरे में ले गए और नौशाद ने उसकी बेरहमी से पिटाई की। बेलन व अन्य भारी वस्तु से अहद के सिर पर ताबड़तोड़ वार किए गए। पिटाई के बाद अहद अपनी दादी शाहजहां के पास पहुंच गया और कहा कि आज मां के कहने पर पापा ने मेरी ज्यादा पिटाई कर दी। मुझे चक्कर भी आ रहे है।

### राम हमारे आस्था के विषय, उनके कार्यक्रमों पर टीका-टिप्पणी ना करें राहुल गांधी

**लखनऊ, एजेंसी।** महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अपर्णा यादव ने शनिवार को आईएएनएस से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने राम जन्मभूमि अयोध्या को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर अपनी प्रतिक्रिया दी। लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सरकार ने सिर्फ नाचने-गाने वालों को बुलाया था, आदिवासि?यों और दलितों को नहीं बुलाया गया। इस पर अपर्णा यादव ने कहा कि जब राहुल गांधी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया गया था, तो उन्होंने उसको अस्वीकार क्यों किया? भाजपा नेता ने कहा कि राहुल गांधी की कार्यशैली किसी से छुपी नहीं है। वो सदन की गरिमा के विरुद्ध काम करते हैं। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन हमारे देश के लिए गौरव की बात है।

## लग्जरी कारें चुराकर ऑनलाइन बेचने वाले गैंग के 4 बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा , एजेंसी।** लग्जरी कारें चुराकर ऑनलाइन बेचने वाले गैंग के चार बदमाशों को नोएडा पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की गई सात लग्जरी कारें बरामद की गई। इनकी कीमत करीब एक करोड़ 20 लाख रुपये है। पकड़े गए बदमाशों की पहचान कुलदीप यादव, अभिषेक कुमार, संकेत कुमार सिंह और अमन कुमार के तौर पर हुई। यह नौ लोगों का गैंग है। इनके पांच साथी दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। इनमें दो आरोपी कार्स-24 कंपनी के पूर्व कर्मचारी हैं। सेंट्रल जोन के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि 22 सितंबर को मेरठ के किला परीक्षितगढ़ के नितिन तोमर ने पुलिस को सूचना दी कि उनके पास एक ब्रेजा कार है। 3 और 4 जुलाई को गाजियाबाद और अलवर में उनकी कार का 500 और एक हजार रुपये का चालान हुआ है। इसकी जानकारी उनके मोबाइल पर आए मैसेज से मिली, जबकि उनकी कार गाजियाबाद और अलवर कभी गई ही नहीं है। उन्होंने पुलिस को बताया कि तकनीकी समस्या आने पर वो गाड़ी की सर्विस कराने मेरठ गए थे। वहां पता चला कि गाड़ी की सर्विस सेक्टर-63 स्थित सर्विस सेंटर पर हुई। यह सर्विस शाहबेरी निवासी निखिल खत्री नामक व्यक्ति ने कराई। पुलिस ने निखिल से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने गाड़ी मई 2024 में कार्स-24 से खरीदी थी। जब दोनों ने गाड़ी देखी तो वो बिल्कुल एक जैसी थीं। गाड़ियों के कागज भी एक जैसे ही थे। जब पीड़ित ने निखिल से आरसी के बारे में पूछा तो उसने बताया कि कार्स-24 वालों ने उसकी आरसी कई माह से ट्रांसफर नहीं की है। ये आरसी अब भी पीड़ित के नाम है। पुलिस ने कार्स-24 के गुरुग्राम स्थित ऑफिस जाकर पुरानी कार बेचने वालों तक पहुंचने के लिए जांच शुरू की। गाड़ी के भुगतान के संबंध में खातों की डिटेल और कार्स-24 द्वारा गाड़ी को बेचने पर आए पैसों की डिटेल चेक की गई। कार बेचते समय पैसा संकेत, कुलदीप, अभिषेक एवं अमन निवासी फरीदाबाद हरियाणा के खातों में लाखों रुपयों का भुगतान किया गया। पुलिस ने गुरुग्राम स्थित कार्स-24 के हेड ऑफिस से पिछले दो साल में बेची गई ऐसी गाड़ियों की डिटेल मंगवाई, जिनकी आरसी ट्रांसफर नहीं हुई थीं।

### बल्लभगढ़ में कारोबारी को बंधक बनाकर पीटा, कपड़े उतरवाए; वीडियो भी बनाया

**बल्लभगढ़ एजेंसी।** बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास दुकान का सामान ले जा रहे एक ऑटो मोबाइल के कारोबारी को कुछ युवकों ने चाकू दिखाकर बंधक बना लिया। झाड़ियों में ले जाकर जमकर पिटाई की। मारपीट के दौरान आरोपियों ने पीड़ित के कपड़े उतारकर वीडियो भी बनाया। बल्लभगढ़ शहर थाना की पुलिस पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित सलमान ने अपनी शिकायत में बताया है कि वह गांव कैली में परिवार के साथ रहता है। वह अपने भाई के साथ बाइक की मरम्मत का दुकान चलाता है। 25 सितंबर को वह अपनी दुकान के लिए सामान लेने बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास गया था। वहां से सामान लेकर लौटते समय मुस्तकीम अपने दोस्तों के साथ उसे रास्ते में घेर लिया। चाकू दिखाकर उसे बस स्टैंड के पीछे घने झाड़ियों में ले गए और मारपीट शुरू कर दी।

## चीन में सीवेज पाइप में हुआ धमाका, 33 फीट हवा में उड़ी गंदगी, सड़क पर फैला मल-मूत्र

**नाननिंग, एजेंसी।**
तकनीक और इन्फ्रास्ट्रक्चर के माने में चीन का लोहा माना जाता है। चीन के नाननिंग शहर में कुछ ऐसा हुआ कि लोगों को इंसानी मल से नहाना पड़ गया। दरअसल यहां मल-मूत्र की एक पाइपलाइन हाई प्रेशर की वजह से फट गई। हाइवे के बीचोबीच पाइप फटने से इतनी प्रेशर से गंदगी ऊपर की ओर उछ्ली की काफी दूर तक फैल गई। आसपास जो भी लोग थे वे गंदगी मे भीग गए। कार और अन्य वाहनों पर मल-मूत्र फैल गया।

एक शख्स ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, चारों तक मल ही मल फैल गया। नाननिंग में सीवेज पाइप की प्रेशर टेस्टिंग के दौरान यह हुआ। देखा जा सकता है कि किस तरह से आसमान से मल गिर रहा है। जानकारी के मुताबिक इस सीवेज लाइन को हाल ही में बनाया गया था। घटना 24 सितंबर सुबह 11 बजे के करीब की है। इस पाइप को लेकर कुछ काम किया जा रहा था।

बताया गया कि इंजीनियर सीवेज लाइन का प्रेशर टेस्ट कर रहे थे। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। घटना के बाद तुरंत संबंधित अधिकारी और कर्मचारी वहां पहुंचे। इसके बाद साफ-सफाई का अभियान शुरू किया गया। एक शख्स ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं मल में पूरी तरह भीग गया। मेरी कार का शीशा पीला हो गया। सब बर्बाद हो गया।

इस वीडियो को लेकर भी लोग सोशल मीडिया पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ लोग चीन में भ्रष्टाचार की भी बात कह रहे हैं। उनका कहना है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर की अंधी दौड़ में चीन टिकाऊ काम करना भूल गया है। कुछ लोगों ने स्वास्थ्य को लेकर भी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, इस तरह से सीवर फटने से बीमारियां फैल सकती हैं। खतरनाक बैक्टीरिया अपना असर दिखाने लगेंगे।

द मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, यह भयावह घटना उस समय हुई जब निर्माण कार्य में लगे कर्मचारी नई स्थापित सीवेज पाइप पर दबाव परीक्षण कर रहे थे. सीवेज पाइप में अचानक विस्फोट होने से कई वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए. हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ. विस्फोट के बाद अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया. हालांकि, नाननिंग नगरपालिका अधिकारियों ने इस बात से इनकार किया कि यह विस्फोट निर्माण के दौरान हुई दुर्घटनावश क्षति के कारण हुआ.

**ड्राइवर ने कहा कार पीले रंग की हो गईः** एक ड्राइवर ने स्थानीय पत्रकारों से कहा, मेरी कार पीले रंग की हो गई है और उसमें से बदबू आ रही है. मैं इसका इस्तेमाल जारी नहीं रख सकता. एक अन्य नाराज ड्राइवर ने कहा, मैं मल से भीग गया हूं. सोशल मीडिया पर यूजर्स ने इस घटना पर खूब मजाक उड़ाया और एक्स पर कई मीम्स और मजाकिया टिप्पणियां की.





### राष्ट्रपति के बाद अब उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों में होगी बहस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अब कुछ सप्ताह का ही समय बचा है। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच बहस हो चुकी है। अब उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों जेडी वेंस और टिम वाल्ज की बीच भी बहस होने जा रही है। अगले हफ्ते होने वाली इस बहस पर अमेरिका समेत पूरी दुनिया की नजरें हैं। दोनों उम्मीदवारों के पास यह अहम मौका है, जब वह मतदाताओं को अपने पक्ष में लुभा सकें और देश के विभिन्न मुद्दों पर अपनी राय जनता के सामने रख सकें।

कब और कहां होगी बहस? जेडी वेंस और टिम वाल्ज के बीच 90 मिनट बहस होगी, जिसका आयोजन सीबीएस न्यूज द्वारा किया जा रहा है। यह बहस स्थानीय समय अनुसार 1 अक्तूबर को रात नौ बजे न्यूयॉर्क शहर में होगी। बहस की मध्यस्थता सीबीएस न्यूज के एंकर नोरा ओ डोनेल मार्ग्रेट ब्रेनन करेंगे। दोनों नेताओं की बहस का सीबीएस नेटवर्क पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इससे पहले एबीसी न्यूज पर बीती 10 सितंबर को डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस की बहस का प्रसारण किया गया था। उस बहस को 6.7 करोड़ लोगों ने टेलीविजन पर देखा गया था। उपराष्ट्रपति पद की बहस के दौरान कोई दर्शक नहीं होंगे। बहस के दौरान दोनों उम्मीदवार अपने पास लिखित नोट नहीं रख पाएंगे।

### अरब देशों से वापस आई पंजाबी लड़कियों ने सुनाई भयावह आपबीती, रो-रो कर बयां किया दर्द

**दुबई, एजेंसी।** इराक, ओमान व कतर में नरक भरी जिंदगी व्यतीत कर लौटी पंजाब की 9 लड़कियों ने दिल दहला देने वाली कहानी सुनाई है। अरब देश में बैठे रिश्तेदार ही दोआबा व मालवा क्षेत्र की लड़कियों की तस्करी करा रहे हैं। लड़कियों को 35 से 40 हजार की नौकरी का झांसा देकर वहां बुलाया जा रहा है। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया जाता है। बुलाने वाले लड़कियों को साथ ले जाते हैं और बंद कमरों में कैद कर देते हैं। कामकाज के लिए गुप्त तौर पर बोली लगाकर उन्हें बेच दिया जाता है। यह लड़कियों इराक, ओमान व कतर से लौटी हैं। इनमें दो जालंधर जिले की भी हैं।

इनकी राज्यसभा मेंबर संत सीचेवाल ने वतन वापसी में मदद की है। बीते दिनों जिला जालंधर, कपूरथला, फिरोजपुर संत सीचेवाल की कोशिश से लौटी लड़कियां । 9 लड़कियों में से तीन शनिवार को निर्मल कुटिया सुल्तानपुर लोधी पहुंचीं। जहां पर उन्होंने व्यथा बताई कि कैसे अरब देशों में बढ़िया वेतन का लालच देकर उन्हें यातनाएं दी गईं। इन लड़कियों को ट्रैवल एजेंटों ने बेच दिया था। देश लौटीं लड़कियों ने बताया कि ओमान में अभी 20 से 25 लड़कियां एक जगह फंसी हुई हैं। जहां उनके साथ जानवरों जैसा सलूक किया जा रहा है।

## नेपाल में भूस्खलन और बाढ़ ने मचाई तबाही, 66 लोगों की मौत

**काठमांडू, एजेंसी।**
नेपाल में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। गृह मंत्रालय की ओर से साझा की गई जानकारी के अनुसार 66 लोगों की मौत और 60 अन्य लोगों के घायल होने की खबर है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने शनिवार को अपने एक बयान में कहा कि 69 लोग लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान काठमांडू घाटी में हुआ है। यहां 34 लोगों की मौत हुई है। साथ ही तिवारी ने दावा किया है कि सुरक्षा बलों ने 3 हजार से अधिक लोगों को बचाया है। सरकार ने घायलों को मुफ्त इलाज और इस तबाही में अपने सिर से छत गंवा चुके लोगों के लिए जल्द से जल्द पुनर्वास का काम शुरू करने का फैसला लिया है।

उन्होंने आगे कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में कई राजमार्ग और पुल भी नष्ट हो गए हैं। राजमार्गों को साफ करना सरकार की पहली प्राथमिकता है। नेपाल पुलिस ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण देश के बाकी हिस्सों से काठमांडू से जोड़ने वाले राजमार्गों सहित लगभग सभी राजमार्ग पर आवागमन ठप है। भूस्खलन की वजह से काठमांडू के सभी प्रवेश मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।



नेपाल के शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस बीच सभी राज्य सरकारों से रविवार से तीन दिन के लिए स्कूल बंद रखने और मंगलवार तक निर्धारित सभी विश्वविद्यालय स्तर की परीक्षाओं को स्थगित करने का अनुरोध किया है। नेपाल में इस वर्ष मानसून के दौरान औसत से अधिक वर्षा हुई है। उफनती नदियों के कारण काठमांडू के कुछ हिस्सों में पानी भर गया है। कई घर पानी में डूब गए हैं और लोगों को ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। शहर के दक्षिणी हिस्से का एक बड़ा इलाका ज्यादातर बाढ़ग्रस्त था और चार लोगों को लेने के लिए सेना के हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया था। ये लोग अपने घर छोड़ने में असमर्थ थे। काठमांडू के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति और इंटरनेट सेवा काफी समय तक बाधित रही।

गुरुवार से ही नेपाल के कई हिस्सों में बारिश हो रही है। नेपाल पुलिस के उप प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण देशभर में मारे गए 66 लोगों में से 34 की मौत काठमांडू घाटी में हुई। बाढ़ में 60 लोग घायल भी हुए हैं। देशभर में कुल 79 लोग लापता हैं। जिनमें से काठमांडू घाटी में 16 लोगों का पता नहीं चल पाया है। 3,000 से अधिक लोगों को बचाया भी गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129